

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-69 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) मंगलवार 22 अप्रैल 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## कोबरा कमांडो ने 08 नक्सली कर दिए ढेर, हाईटेक हथियारों का जखीरा बरामद



बोकारो(ए.)। झारखंड के बोकारो में कोबरा कमांडो और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। कई घंटों से चल रही इस मुठभेड़ में 08 नक्सली ढेर हो गए। उनके पास से सुरक्षा बलों ने अत्याधुनिक हथियार भी बरामद किए हैं। खबर लिखे जाने तक रुक-रुक कर गोलीबारी जारी थी। अधिकारियों ने बताया कि झारखंड के बोकारो जिले में आज सुबह सीआरपीएफ के कोबरा कमांडो और झारखंड पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में छह नक्सली मारे गए। यह मुठभेड़ जिले में लालपनिया इलाके के लुगु हिल्स में सुबह करीब साढ़े पांच बजे शुरू हुई। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों एवं नक्सलियों के बीच मुठभेड़ अभी जारी है। उन्होंने बताया कि 209 कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन (कोबरा) के जवानों ने अभियान शुरू किया जिसमें छह नक्सली मारे गए और दो इंसास राइफल, एक सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर) एवं एक पिस्तौल बरामद की गई। अधिकारियों बताया कि इस मुठभेड़ में किसी सुरक्षाकर्मी के घायल होने की खबर नहीं है। कोबरा सीआरपीएफ की स्पेशल यूनिट है, जो जंगल युद्ध संबंधी रणनीति में दक्षता के लिए जानी जाती है।

### रीता सिंह बनीं शिकागो की सबसे प्रतिष्ठित भारतीय महिला

नई दिल्ली,(आरएनएस)। जे. बी. सिंह, जो भारतीय गुप्तचर ब्यूरो (आई.बी.) के सेवानिवृत्त अधिकारी और राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित हैं, की बेटी रीता सिंह को शिकागो में भारतीय समुदाय के लिए उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया है।रीता सिंह पिछले 28 वर्षों से शिकागो में रह रही हैं और वह कई प्रमुख सामुदायिक संगठनों जैसे फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन्स (आआईए), शिकागो और विमेंस एंपावरमेंट (डब्लूई),शिकागो की संस्थापक हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आज उज्जैन में माँ शिप्रा नदी पर रामघाट की सफाई की।

## नहीं रहे पोप फ्रांसिस, वेटिकन सिटी में ली अंतिम सांस

वेटिकन (ए.)। लंबे समय से बीमार पोप फ्रांसिस का वेटिकन सिटी में देहांत हो गया है। निमोनिया की शिकायत पर फ्रांसिस पिछले दिनों अस्पताल में भर्ती हुए थे। पॉप फ्रांसिस के मौत की खबर वेटिकन सिटी से दी गई है। 88 साल के फ्रांसिस ने एक दिन पहले ही अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात की थी।

पोप फ्रांसिस लंबे समय से बीमार चल रहे थे। लगभग एक महीने तक अस्पताल में इलाज कराने के बाद पोप 24 मार्च को अपने निवास स्थान कासा सांता मार्टा लौटे थे। अस्पताल से लौटने पर उन्होंने बड़ी संख्या में अस्पताल के बाहर जमा हुए लोगों को आशीर्वाद दिया था।



सार्वजनिक रूप से पोप को देखने के बाद लोग काफी खुश दिखे थे और जयकारे भी लगाए थे।

पोप फ्रांसिस का जन्म 17 दिसंबर 1936 को अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में हुआ था। उनका असली नाम जॉर्ज मारियो बर्गोग्लियो था। उन्होंने 13 मार्च 2013 को पोप का पद संभाला था। वह लैटिन अमेरिका से आने वाले पहले पोप थे। पोप फ्रांसिस ने अपने कार्यकाल में चर्च में सुधारों को बढ़ावा दिया। उनको अपने मानवीय क्षेत्र में किए कामों के लिए भी जाना गया। पोप फ्रांसिस अर्जेंटीना के एक जेसुइट पादरी थे। उन्हें पोप बेनेडिक्ट सोलहवें का उत्तराधिकारी चुना गया था। पोप फ्रांसिस बीते 1000 साल में पहले ऐसे इंसान थे जो गैर-यूरोपीय होते हुए भी कैथोलिक धर्म के सर्वोच्च पद पर पहुंचे।

### नोएडा में जमीन विवाद में मारपीट, 12 आरोपी गिरफ्तार

नोएडा (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के नोएडा में थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर मारपीट की घटना सामने आई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना नोएडा के स्पोर्ट लैण्ड फार्म हाउस, सेक्टर 151 की है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, उक्त फार्म हाउस में इक्नोन कंपनी के पास करीब 300 बीघा जमीन है, जिसमें भारत शर्मा (निवासी पटपड़गंज, मयूर विहार फेस-1, दिल्ली) का 18 प्रतिशत और उनके सगे भाई नीरज शर्मा का 77 प्रतिशत हिस्सा है।

### मुर्शिदाबाद हिंसा: गुस्से में बोलीं ममता फूट डालकर राज करना चाहती है भाजपा आरएसएस

कोलकाता(ए)। राज्य की जनता के लिए लिखे एक शांति पत्र में ममता ने वक्फ विधेयक के खिलाफ मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि वहां जो हुआ वह नहीं होना चाहिए था लेकिन आज राज्य की विपक्षी पार्टियां उस दुर्भाग्यपूर्ण घटना का इस्तेमाल अपनी राजनीति के लिए कर रहीं हैं। भारतीय जनता पार्टी और संघ जिस विभाजनकारी राजनीति का खेल खेलने की योजना बना रहे हैं वह बहुत ही भयावह है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के ऊपर मुर्शिदाबाद हिंसा का इस्तेमाल करके फूट डालो और राज करो की राजनीति करने का आरोप लगाया।विपक्ष पर हमला बोलते हुए सीएम ममता ने कहा कि राज्य में भाजपा और उसके सहयोगी बहुत ज्यादा आक्रामक हो गए हैं। यह पूरे राज्य में भ्रामक और झूठा अभियान चला रहे हैं। अपने पत्र में ममता ने राज्य की जनता को भरोसा दिलाते हुए कहा कि राज्य में सांप्रदायिक दंगों में शामिल सभी अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## राहुल गांधी विदेश में खराब करते हैं देश की इज्जत : मोहन यादव



भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में दिए गए बयान पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोमवार को कहा कि राहुल गांधी का रिकॉर्ड रहा है कि वह विदेशों में देश की इज्जत खराब करते हैं। राजधानी भोपाल में पत्रकारों से चर्चा करते हुए राहुल गांधी द्वारा बोस्टन में चुनाव आयोग को लेकर दिए गए बयान पर मुख्यमंत्री ने कहा, राहुल गांधी का रिकॉर्ड रहा है कि वह देश की इज्जत बाहर जाकर बिगाड़ते हैं। बाबा महाकाल उन्हें सद्बुद्धि दें कि इस बार वह बाहर जाकर ऐसा न करें, फिर भी यह राहुल गांधी की इच्छा पर है।

उन्होंने राहुल गांधी को सलाह देते हुए कहा कि वह दुनिया में देश की टोपी उछालने का काम न करें। राहुल गांधी को राजनीति करनी है तो देश के अंदर करें।

मोहन यादव ने कहा, आप संसद सदस्य हैं। जो बात रखनी है, वहां रखें। विदेश में ऐसा कोई नेता नहीं है जो अपने देश का बाहर इस तरह माहौल बनाता हो। यह कांग्रेस का चरित्र है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोगों को चाहिए कि वे अपने नेता को नियंत्रण में रखें।

राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण का लाभ न दिए जाने के आरोपों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ओबीसी आरक्षण को लेकर मध्य प्रदेश सरकार का रुख स्पष्ट है, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के स्टैंड पर हम कायम भी हैं। इस मामले में हमने सॉलिसिटर जनरल से भी कहा है कि पूर्ववर्ती शिवराज सरकार में ओबीसी आयोग की जो रिपोर्ट आई थी, उसके परीक्षण के साथ-साथ ओबीसी आरक्षण को लेकर जितनी भी याचिकाएं लगी हैं, उन सभी से हम संवाद कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि हम सबका उद्देश्य सर्वहारा वर्ग का विकास है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। मुझे विश्वास है कि अच्छे परिणाम आएंगे। ओबीसी आरक्षण को लेकर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा था कि राज्य सरकार ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ देना ही नहीं चाहती।

### सिरसा में आग से तबाह किसानों के लिए मुआवजे की मांग, सैलजा ने सीएम को लिखा पत्र

सिरसा (आरएनएस)। सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को पत्र लिखकर सिरसा जिले में आग से तबाह हुए किसानों के लिए विशेष गिरदावरी और तत्काल मुआवजे की मांग की है। उन्होंने कहा कि किसानों को इस संकट से उबरने और खरीफ फसलों की बुआई के लिए सहायता की आवश्यकता है। सैलजा ने पत्र में बताया कि कंवरपुरा, मोरीवाला, रसूलपुर, बुर्ज भंगू, साहुवाला, लुदेसर, रूपाणा, भंगू, ढाबा, सुचान और सिकंदरपुर सहित कई गांवों में आग लगने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने भारतीय किसान यूनियन के हवाले से कहा कि अधिकांश आग बिजली निगम की लापरवाही, विशेष रूप से ढीली और झुकी हुई बिजली लाइनों के कारण लगी। उन्होंने कंवरपुरा गांव में बिजली के तारों के कारण एक किसान की मौत का भी जिक्र किया।सांसद ने मुख्यमंत्री से इन गांवों में तत्काल विशेष गिरदावरी कराने और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने का आग्रह किया, ताकि वे अपनी मेहनत और आजीविका की भरपाई कर सकें और खरीफ फसलों की बुआई की तैयारी कर सकें। उन्होंने सरकार से किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेने और उन्हें राहत देने के लिए तत्काल कदम उठाने का अनुरोध किया।

## भारत पहुंचे अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, एयरपोर्ट पर दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर



न्यूयॉर्क ,(आरएनएस)। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सोमवार को अपनी पहली आधिकारिक भारत यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे। सोमवार सुबह पालम एयरपोर्ट पर वेंस का विमान लैंड किया। इस दौरान उपराष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी उषा वेंस, बच्चे और अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ सदस्य भी मौजूद रहे।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का प्लेन सुबह 9:45 बजे दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उतरा। यहां केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उनका स्वागत किया। पत्नी उषा के साथ वो प्लेन से नीचे उतरे। वेंस को गार्ड ऑफ ऑनर से भी सम्मानित किया गया।

एयरपोर्ट पर कलाकारों ने भारतीय नृत्य कौशल का प्रदर्शन भी किया। वेंस के बच्चे इवान, विवेक और मीराबेल भारतीय परिधान में थे। तीनों बड़ी उत्सुकता से क्लासिकल डांस देखते नजर आए।

वेंस का एयरपोर्ट से अक्षरधाम मंदिर जाने का कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम को अमेरिकी उपराष्ट्रपति की मेजबानी करेंगे। इसके अलावा, वे (जेडी वेंस) विदेश मंत्री एस जयशंकर, एनएसए अजित डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा से मुलाकात करेंगे।बता दें कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस 21 से 24 अप्रैल तक भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर हैं। यह उपराष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा है और उम्मीद है कि दोनों देशों के बीच अहम व्यापार समझौतों को लेकर बातचीत हो सकती है।

### पुत्र ने पिता पर गोलियां चलाई, गंभीर रूप से घायल

तलवंडी ,(आरएनएस)। साबो के नजदीकी गांव कमालू में एक खेत में गेहूं की कटाई के दौरान, पिता और बेटे के बीच मामूली बात को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ। इस दौरान गुस्से में आए बेटे ने अपने लाइसेंसी रिवाल्वर से पिता पर तीन गोलियां चला दी, जिसमें से दो गोलियां पिता की छाती में और एक गोलि उनकी लात में लगी। घटना के बाद, घायल पिता को तुरंत रामा मंडी स्थित सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें बठिंडा के एम्स अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।




### विवाद, वारदात और.. मां-बेटी का कातिल चढ़ा खाकी के हत्थे, हत्याकांड को अंजाम देने के बाद कर रहा था गुमराह

नर्मदापुरम (आरएनएस)। पीली खंती कॉलोनी में हुई मां-बेटी की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है. इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी वही निकला जिसके घर में मृतिका अपनी बेटियों के साथ रहती थी. जिनके बीच घर को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था. दअरसल, मृतिका पूजा मौर्य अपने पति के निधन के बाद से अपनी बेटियों के साथ जीतू के साथ ही रहती थी. जीतू झरिया ने ही हत्याकांड को अंजाम दिया है. जबकि कल हत्या के बाद आरोपी पुलिस को गुमराह कर रहा था. जिसका एक वीडियो भी सामने आया था. जिसमें वह किसी ओर के द्वारा वारदात को अंजाम देने की बात कर रहा था.

इस मामले में पुलिस अधीक्षक डॉ गुरुकरण सिंह ने बताया कि डबल मर्डर के मामले में जीतू झरिया को गिरफ्तार किया गया है. उसने जुर्म भी कबूल कर लिया है. विवाद के चलते उसने हत्याकांड को अंजाम देना बताया है.

बता दें कि रविवार शाम पूजा मौर्य (मां) और उसकी बेटी पल्लवी मौर्य पर कुल्हाड़ी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया गया था. एक का शव घर के आंगन में लहूलुहान तो दूसरा शव घर से 6 मकान छोड़कर मिला था. जबकि मृतकों के परिजनों ने एक सवारी ऑटो में पथराव कर दिया और जमकर तोड़फोड़ भी की थी.

## सुप्रीम कोर्ट की पार्किंग में दिखीं शीर्ष वकीलों की लग्जरी कारें, वीडियो इंटरनेट पर वायरल



नई दिल्ली (आरएनएस)। राजनेता, उद्योगपति और दिल्ली भाजपा के पूर्व मीडिया प्रमुख नवीन जिंदल द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पहले ट्विटर) पर पोस्ट किए गए एक वीडियो ने खूब सुर्खियां बटोरी हैं। इस वीडियो में सुप्रीम कोर्ट परिसर की पार्किंग में खड़ी महंगी और लग्जरी कारें दिखाई दे रही हैं। बीएमडब्ल्यू से लेकर मर्सिडीज और अन्य महंगी गाड़ियों को देखकर ऐसा लग रहा था मानो यह किसी ऑटो शो का नजारा हो।

नवीन कुमार जिंदल ने इस वीडियो को साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, यह कोई एक्सपो शो नहीं बल्कि सुप्रीम कोर्ट के चुनिंदा वकीलों के लिए पार्किंग स्थल है। इस वीडियो के सामने आने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कई यूजर्स ने जहां इस पर हैरानी जताई है, वहीं कुछ लोगों ने वकीलों की कमाई और जीवनशैली को लेकर टिप्पणियां की हैं। एक यूजर ने वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, इसमें गलत क्या है, वो कमा रहे हैं और ऐश कर रहे हैं। वहीं, एक अन्य यूजर ने टिप्पणी की, अमीर होना कोई गुनाह नहीं है। एक और यूजर ने सोशल मीडिया पर हो रही चर्चा को लेकर कहा, इंटरनेट पर इतना हाइप मत क्रिएट करो, वो सब मेहनत की कमाई से आया हुआ है।

### पत्नी ने पहले मिर्च पाउडर फेंका, फिर बांधकर किए चाकू से वार... पूर्व डीजीपी की हत्या को लेकर अहम खुलासा

बेंगलुरू , (आरएनएस)। पूर्व पुलिस महानिदेशक ओम प्रकाश की हत्या को लेकर जो खुलासे हो रहे हैं वो हैरान करने वाले हं। इस मामले में पूर्व डीजीपी की पत्नी और बेटी को पकड़ा गया है। पता चला है कि जिस वक्त ओम प्रकाश की चाकू घोंपकर हत्या की गई, तब वह डिनर टेबल पर बैठे थे। ओम प्रकाश के पेट और सीने पर चाकू के कई घाव पाए गए हैं. रिपोर्ट में कहा गया है कि ओम प्रकाश और उनकी पत्नी के बीच जमीन-जायदाद को लेकर विवाद हुआ था। सूत्रों के मुताबिक दोपहर में उनका अपनी पत्नी से झगड़ा हो गया था।झगड़े के दौरान उनकी पत्नी ने उन पर मिर्च पाउडर फेंका, उन्हें बांधा और फिर चाकू से हमला करके उनकी हत्या कर दी. 68 साल के ओम प्रकाश पर कांच की बोतल से भी हमला किया गया था। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि हत्या में उनकी बेटी की कोई भूमिका है या नहीं। ओम प्रकाश के बेटे की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। बेंगलुरु के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त विकास कुमार ने बताया कि पुलिस को रविवार सुबह करीब 4 बजे रिटायर्ड अफसर की मौत की सूचना मिली।







# प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित हुई मध्यप्रदेश की साइबर तहसील पहल

## प्रधानमंत्री श्री मोदी से राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव श्री पोरवाल ने प्राप्त किया पुरस्कार




भोपाल,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश के राजस्व विभाग को साइबर तहसील पहल के लिये प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार-2023 से सम्मानित किया। राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव विवेक पोरवाल ने लोक सेवा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में यह पुरस्कार प्राप्त किया। राजस्व विभाग ने साइबर तहसील पहल से राज्य में भूमि नामांतरण सेवाओं को पूरी तरह से डिजिटल, प्रभावी और नागरिकों के अनुकूल बनाकर एक बड़ा बदलाव किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के सुशासन के सिद्धांत को साकार करने के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में इस पहल के माध्यम से अब तक 1 लाख 50 हजार से अधिक प्रकरणों का निपटारा किया जा चुका है। साइबर तहसील के अंतर्गत नामांतरण की प्रक्रिया संपत्ति रजिस्ट्री के समय ही स्वचालित रूप से शुरू हो जाती है, जिससे अलग से आवेदन करने की आवश्यकता समाप्त हो गई है। पहले जहां इस प्रक्रिया में औसतन 70 दिन लगते थे, वहीं अब मात्र 20 दिनों में प्रकरणों का निपटारा हो रहा है। सम्पूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन होने से नागरिकों को तहसील कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है। सभी सेवाएं जैसे सार्वजनिक सूचना, आपत्ति दर्ज कराना और प्रमाणित आदेश प्राप्त करना, एसएमएस, ईमेल और व्हाट्सएप के माध्यम से डिजिटल रूप से उपलब्ध होती हैं। इस पहल ने नागरिकों के समय और खर्च दोनों में महत्वपूर्ण बचत सुनिश्चित की है और पारदर्शिता को भी बढ़ावा दिया है, इससे नागरिक अपने नामांतरण मामले की स्थिति को आरसीएमएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ट्रैक कर सकते हैं। साइबर तहसील ने क्षेत्रीय सीमाओं को समाप्त कर दिया है और केंद्रीकृत प्रणाली से प्रकरणों का आवंटन साइबर तहसीलदारों को राउंड-रॉबिन पद्धति से किया जाता है, जिससे निष्पक्ष और त्वरित निपटारा सुनिश्चित होता है।साइबर तहसील जैसे नवाचारों से प्रशासनिक दक्षता में भी सुधार हुआ है। क्षेत्रीय तहसीलदार अब जटिल और विवादित प्रकरणों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। प्रदेश की 13 साइबर तहसीलदारों द्वारा 1,364 न्यायालयों का प्रबंधन किया जा रहा है, इससे बड़ी संख्या में प्रकरणों का निपटान हो रहा है। तहसील कार्यालयों पर नामांतरण प्रकरणों के कार्यभार में 25 प्रतिशत तक की कमी आई है। रियल-टाइम अपडेट और आरसीएमएस, वेब जीआईएस, संपदा और सारा जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के एकीकरण से यह प्रक्रिया और अधिक सरल, तेज़ और सुगम हो गई है।

## बिहार से एलडीसी भर्ती परीक्षा देने आया मुन्नाभाई चढ़ा पुलिस के हत्थे

भोपाल(ए.)। शहर के बंगरसिया में स्थित सेंट्रल स्कूल में सीबीएसई की ओर से आयोजित एलडीसी पद पर भर्ती परीक्षा के दौरान दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने आए मुन्नाभाई को पकड़ा गया है। आरोपी सॉल्वर के फिंगरप्रिंट मिसमैच होने पर बाद कर्मचारियो ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार पटना बिहार का रहने वाला आरोपी सोनू यादव दौसा राजस्थान के रहने वाले बबलेश मीणा के स्थान पर सीबीएसई की एलडीसी परीक्षा देने भोपाल आया था। सेंट्रल स्कूल बंगरसिया में आयोजित इस परीक्षा में अंदर जाने से पहले उसकी जॉच करने के लिये जब उससे बायोमैट्रिक्स में फिंगर लगाने को कहा गया तब वह सकपका गया। दबाव देने पर जब उसने पंच किया तो फिंगरप्रिंट मिसमैच हो गए।



भोपाल के शहर में तेज गर्मी का मौसम

## पहले दिन सीएमएचओ कार्यालय के अधिकारियों - कर्मचारियों ने समझे फायर सेफ्टी के उपाय

### फायर सेफ्टी सप्ताह में अस्पतालों में आग से बचने के इंतजामों की होगी परख

भोपाल (आरएनएस)। अग्नि सुरक्षा जागरूकता के लिए फायर सेफ्टी सप्ताह का आयोजन जिले की समस्त शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में किया जा रहा है। सप्ताह के पहले दिन 21 अप्रैल को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल के अधिकारियों और कर्मचारियों को फायर सेफ्टी पर हैं ड्सऑन ट्रेनिंग दी गई। जिसमें आग से बचाव के तरीकों, इलेक्ट्रिकल फायर सेफ्टी, आकस्मिक स्थितियों में निकासी के तरीकों पर जानकारी दी गई। 21 से 26 अप्रैल तक संचालित ये सप्ताह "Unite to Ignite, a Fire Safe India" की थीम पर मनाया जा रहा है।ग्रीष्मकाल में तापमान के बढ़ने तथा एयर कंडीशनर, कूलर इत्यादि उपकरणों के अधिक उपयोग के कारण विद्युत प्रणाली पर अत्यधिक भार पड़ता है। इस कारण से अग्नि दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। स्वास्थ्य संस्थानों में अग्नि सुरक्षा के प्रावधानों की निगरानी के संबंध में तैयारियों को लेकर फायर सेफ्टी सप्ताह के दौरान उच्च विद्युत भार वाले चिकित्सकीय एवं अन्य उपकरणों के रखरखाव, गहन चिकित्सा इकाई, नवजात शिशु देखभाल इकाई, ऑपरेशन थिएटर आदि ऑक्सीजन समृद्ध वातावरण में अग्नि एवं विद्युत सुरक्षा मानकों के पालन, फायर रिस्पांस प्लान्स की उपलब्धता, ज्वलनशील सामग्रियों का उचित संधारण एवं निपटान की परख की जा रही है। बिस्तरीय क्षमता के अनुरूप फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट, अग्नि सूचक तथा अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता के साथ-साथ उन्हें संचालित करने के लिए यूजर मैन्युअल की उपलब्धता, फायर रिस्पांस प्लान, अस्पताल कर्मचारियों एवं चिकित्सकों को अग्नि सुरक्षा एवं आपातकालीन स्थिति में उपकरणों के उपयोग तथा कोड रेड ऑल क्लियर के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं के पालन के लिए उन्मुखीकरण किया जा रहा है।

## सरकारी विभागो में नौकरी दिलाने का झांसा देकर कई लोगो से लाखो की ठगी

भोपाल(ए.)। श्यामला हिल्स थाना पुलिस ने आदिवासी छात्रावास समेत अन्य सरकारी विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। बताया गया है की अब तक करीब दर्जन भर से अधिक फरियादी जालसाज के खिलाफ शिकायत लेकर थाने पहुंच चुके हैं। फिलहाल पुलिस ने एक फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज किया है, जिसने अपने घर के पांच लोगों की नौकरी के लिए आरोपी को 12 लाख रुपए दिए थे। थाना




पुलिस के अनुसार अमराई परिसर बाग सेवनिया में रहने वाले रमेश विसंगरे (47) ने लिखित शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि उन्होंने नवंबर 2023 में अपने बेटे व परिवार के करीबी रिश्तेदारों की नौकरी के लिए आलोम बामने को 12 लाख रुपए अलग-अलग समय पर दिए थे। आरोपी ने दूरदर्शन केन्द्र के पास आदिवासी हॉस्टल में चपरासी व कम्प्यूटर ऑपरेटर समेत अन्य पदों पर नौकरी लगवाने का झांसा दिया था। हॉस्टल में आरोपी की पत्नी इंचार्ज है। पत्नी के मिलने के दौरान ही लोगों से उसकी मुलाकात हुई और अधिकारियों व नेताओं से संबंध होने का झांसा देकर उसने नौकरी लगवाने की बात कहकर रकम ठग ली। लाखो की रकम लेने के बाद आरोपी ने फर्जी नियुक्ति पत्र थमा दिया। जब फरियादी रमेश विसंध्रे ऑफिस जॉइन करने पहुंचा, तब उसे सच्चाई पता चली। वहीं पुलिस ने यह भी बताया कि आरोपी आलोक बामने की पत्नी ने भी शिकायती आवेदन दिया है। की उसके पति ने उसके एकाउंट से बिना उसे जानकारी दिये लाखों रुपए की रकम निकाल ली हैं। पुलिस के पास आलोक के खिलाफ नौकरी का झांसा देकर दर्जन भर से अधिक शिकायती आवेदन आ चुके हैं। इन सभी से 60 लाख रुपए ठगने की बात सामने आ रही है।

## राहुल गांधी के अमेरिका में चुनाव आयोग को लेकर दिये बयान पर मंत्री विश्वास सारंग ने साधा निशाना

### राहुल गांधी विदेश में जाकर देश की छवि को धूमिल करते हैं : मंत्री सारंग



भोपाल,(आरएनएस)। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अमेरिका की बॉस्टन युनिवर्सिटी में दिए बयान पर ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत निर्वाचन आयोग पर बयान देना शर्मनाक है। मंत्री सारंग ने कहा कि राहुल गांधी विदेश में जाकर देश की छवि को धूमिल करते हैं, जो देशद्रोह की श्रेणी में आता है। राहुल का बयान देश के मान-सम्मान को कम करने वाला है। राहुल गांधी को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलने का अवसर इसलिए मिलता है, क्योंकि वे भारत के सांसद और विपक्ष के नेता हैं। लेकिन विदेश में जाकर वे राजनीतिक बयानबाजी करते हैं, जो शर्मनाक है।

**-अगर चुनाव आयोग पर भरोसा नहीं तो सांसद कैसे बने**

मंत्री सारंग ने कहा कि हमारी परंपरा गौरवशाली रही है। विपक्ष में रहकर सरकार की आलोचना देश में करना स्वतंत्रता है, लेकिन विदेश की धरती पर भारत के सम्मान को ठेस पहुंचाना गलत है। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि वे मीडिया की सुर्खियों में बने रहने के लिए इस तरह के बयान देते हैं। उन्होंने नेहरू-गांधी परिवार और कांग्रेस पर भी निशाना साधा। मंत्री सारंग ने कहा कि नेहरू परिवार और कांग्रेस हमेशा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के सम्मान को कम करने का काम करते हैं। अगर राहुल गांधी को चुनाव आयोग पर भरोसा नहीं है, तो वे खुद सांसद कैसे बने? उनकी बहन प्रियंका गांधी और मां सोनिया गांधी सांसद कैसे चुनी गईं? कांग्रेस को इतनी सीटें कैसे मिलीं?

**-राहुल अपनी नाकामी का ठीकरा दूसरों पर फोड़ना बंद करें**

मंत्री सारंग ने राहुल गांधी को नसीहत दी कि वे अपनी नाकामी का ठीकरा दूसरों पर फोड़ना बंद करें। उन्होंने कांग्रेस सांसद की टिप्पणी को बचकाना करार दिया। उन्होंने कहा कि राहुल को चाहिए कि वे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत के मान-सम्मान को गिराने की कोशिश न करें। यह बचकाना हरकत है।

## पशुपालकों को उपलब्ध कराएं उन्नत नस्ल के सांड

### कृषि विकास समिति के सदस्यों द्वारा जर्सी पशु प्रजनन प्रक्षेत्र भोपाल का भ्रमण

भोपाल (आरएनएस)। विभागीय योजनाओं के माध्यम से पशुपालकों को उन्नत नस्ल के सांड उपलब्ध कराएं, जिससे गो वंश का नस्ल सुधार हो और दुग्ध का उत्पादन बढ़ाकर किसानों की आय बढ़ाई जा सके। मध्यप्रदेश विधानसभा की कृषि विकास समिति द्वारा सोमवार को पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय जर्सी पशु प्रजनन क्षेत्र भदभदा, भोपाल, के भ्रमण के दौरान विभागीय अधिकारियों को ये निर्देश दिए गए।समिति में अध्यक्ष दिलीप सिंह परिहार एवं सदस्य उमाकांत शर्मा, नरेंद्र प्रजापति एवं श्रीकांत चतुर्वेदी शामिल थे। भ्रमण के दौरान समिति के सदस्यों द्वारा विगत 3 वर्षों में प्रक्षेत्र की संचालन प्रक्रिया, प्रक्षेप पर संधारित नस्लों, प्रक्षेत्र के आय व्यय, बाउंड्री वॉल के निर्माण, असिंचित भूमि को सिंचित करने, कॉन्फ्रेंस हॉल की व्यवस्था, गोवंश की जेनेटिक ब्रीडिंग वैल्यू टेस्टिंग, प्रक्षेत्र का सीमांकन तथा पशुपालकों को डेयरी प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण संस्थान के निर्माण आदि विषयों पर चर्चा की गई। समिति द्वारा प्रक्षेत्र पर साहिवाल के अलावा निमाड़ी एवं मालवीय नस्ल के गोवंशों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए नीति बनाने हेतु भी कहा गया। समिति द्वारा प्रक्षेत्र के कार्यों की सराहना की गई।

## वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से दिव्यांगजन श्रेणी के नव नियुक्त ग्राम पंचायत सचिवों को कलेक्टर ने सौंपे नियुक्ति पत्र



भोपाल (आरएनएस)। सहायक सह आयुक्त पंचायत राज संचालनालय के आदेशानुसार भोपाल जिले में दिव्यांगजनों के ग्राम पंचायत सचिव के पदों की वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से कराए जाने के निर्देश के परिपालन में मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (ग्राम पंचायत सचिव भर्ती एवं सेवा की शर्तें) नियम - 2011 के नियम - 3 (ख) के प्रदत्तक शक्तियों का प्रयोग करते हुए भोपाल जिले में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती इला तिवारी द्वारा 03 नव नियुक्त सचिवों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में श्रवणबाधित दिव्यांगजन श्रेणी में अनुज जैन पिता किशोर कुमार जैन, निवासी-मंगलवारा को भोपाल जिले की ग्राम पचांयत इमलिया, जनपद पंचायत फंदा में रिक्त पंचायत सचिव के पद पर 02 वर्ष की परिवीक्षा अवधि के साथ अस्थाई रूप से नियुक्त किया गया।इसी प्रकार दृष्टिबाधित दिव्यांगजन श्रेणी में कमल भमोरे पिता फूलचंद्र भमोरे निवासी-ब्लॉक नं.97, सेक्टर 3, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, फैस-2, त्रिलंगा भोपाल को ग्राम पंचयत बोरदा, जनपद पंचायत फंदा में रिक्त पंचायत एवं लोको मोटर दिव्यांगजन श्रेणी में शैलेष कुमार पाण्डेय पिता भगवानदीन शर्मा, निवासी- म.नं. 3, इरिग्रेशन कॉलोनी, राजीव नगर, अयोध्या वायपास भोपाल को रिक्त पंचायत सचिव के पद पर 02 वर्ष की परिवीक्षा अवधि के साथ अस्थाई रूप से नियुक्त किया गया।

## सिंधिया जी की बदौलत बुंदेलखंड के खिलाड़ियों को मिला सुनहरा अवसर : आकाश सिंह राजपूत

भोपाल(आरएनएस)। हमारे बुंदेलखंड के युवक युवतियों में हुनर की कमी नहीं है बस जरूरत है तो इन्हें एक मंच देने की और वह मंच महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया और महाआर्यमन सिंधिया की बदौलत बुंदेलखंड के खिलाड़ियों को एक सुनहरे अवसर के रूप में मिला है । यह बात आकाश सिंह राजपूत ने सागर में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कहीं। उन्होंने टीम के ओनर रोहित वाधवा को शुभकामनाएं व धन्यवाद दिया कि रोहित वाधवा जी ने बुंदेलखंड के युवाओं का हुनर पहचना और बुंदेलखंड की टीम बनाने के लिए वह सागर आए।

आकाश सिंह राजपूत ने बुंदेलखंड बुल्स टीम के चैन हेतु की गई प्रेस वार्ता के अवसर पर कहा कि बुंदेलखंड के लिए यह एक बड़ी खुशखबरी है कि बुंदेलखंड बुल्स टीम बनेगी और मध्य प्रदेश लीग सिंधिया कप के माध्यम से हमारे बुंदेलखंड के युवक ही नहीं हमारी बहने भी ,अपना हुनर पूरे देश को दिखाएगी इतना ही नहीं हमारे होनहार खिलाड़ी इस मंच के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे बुंदेलखंड का नाम रोशन करेंगे । बुंदेलखंड बुल्स टीम के ओनर रोहित वाधवा ग्वालियर के बड़े व्यापारी हैं जिनका ग्वालियर में आर डब्लू ग्रुप है साथ ही रियल एस्टेट, हॉस्पिटल,रिटेल और स्पोर्ट के जाने-माने व्यापारी हैं।प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए रोहित वाधवा ने बताया कि आकाश सिंह राजपूत द्वारा बुंदेलखंड की टीम बनाने को लेकर लगातार संपर्क एवं प्रयास किया जा रहा था। इसके बाद हम सभी ने निर्णय लिया कि बुंदेलखंड के युवाओं को हम मौका देंगे और इसी तारतम्य में हमने बुंदेलखंड बुल्स के नाम से टीम बनाई है, जिसमें सभी युवक चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेकर अपने हुनर के दम पर अपनी पहचान बना सकते हैं बुंदेलखंड बुल्स के डायरेक्टर अमित शर्मा ने बताया कि इस पहल को सागर के युवा नेता आकाश सिंह राजपूत के सहयोग से संभव बनाया गया है।

## मध्य प्रदेश मौसम अपडेट: 24 अप्रैल तक इन जिलों में हीटवेव का असर, क्या फिर छाएंगे बादल? होगी बारिश?



भोपाल (आरएनएस)। बादल बारिश का दौर थमते ही मध्य प्रदेश का मौसम एकदम से बदल गया है।तापमान में इजाफा होते ही गर्मी का असर तेज होने लगा है। रविवार को प्रदेश के करीब 23 शहरों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया। रतलाम व सीधी में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक की और वृद्धि हो सकती है।इस दौरान लू चलने का भी अनुमान है। फिलहाल इस हफ्ते प्रदेश के सभी जिलों का मौसम शुष्क व साफ बना रहेगा। कहीं भी बादल बारिश की कोई संभावना नहीं है।

**21 से 24 अप्रैल तक ऐसा रहेगा प्रदेश के जिलों का मौसम**

21 अप्रैल : भोपाल, इंदौर, उज्जैन-ग्वालियर में दिन का तापमान 41 डिग्री के पार। अन्य शहरों में भी गर्मी का असर तेज।

22 अप्रैल : नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा,राजगढ़, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और सीधी में लू चलने की संभावना। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर संभाग के अन्य जिलों में भी तेज गर्मी। 23 अप्रैल : रतलाम, नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, राजगढ़, गुना, श्योपुर, अशोकनगर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और सीधी में लू चल सकती है। 24 अप्रैल: श्योपुर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, राजगढ़, आगर-मालवा, मंदसौर, नीमच, रतलाम, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और सीधी में लू चल सकती है।

**अप्रैल अंत में चलेगी हीटवेव**

एमपी मौसम विभाग के मुताबिक, बंगाल क्षेत्र में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से अप्रैल के आखिरी में 3 से 4 दिन तक लू का असर रह सकता है।अप्रैल के चौथे सप्ताह मे उत्तर-पश्चिमी हवाओं का असर रहेगा। दिन के साथ रातें भी गर्म होंगी। ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग में पारा 43-45 डिग्री जबकि इंदौर, उज्जैन-भोपाल सहित बाकी प्रदेश में 41 से 44 डिग्री सेल्सियस तापमान रह सकता है।मई में भी 15 से 20 दिन तक हीट वेव चलने का अनुमान है।

## *आचार्या अंजना को में वास्तु विशेषज्ञ के रूप में किया गया सम्मानित*

*भोपाल (आरएनएस)। चार दिवसीय आयोजन में प्रसिद्ध वास्तु विशेषज्ञ आचार्या अंजना जी को विशेष सलाहकार के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने वास्तु शास्त्र से जुड़ी गहन जानकारियाँ दीं और आगंतुकों को उनके घर, प्लॉट और व्यावसायिक परिसरों के लिए वास्तु आधारित मार्गदर्शन प्रदान किया। उनके योगदान और विशेषज्ञता को सम्मानित करते हुए आयोजकों ने उन्हें सम्मान-पत्र और स्मृति चिह्न भेंट किया। उपस्थित लोगों ने भी उनके सटीक और व्यावहारिक सुझावों की सराहना की।*

## राजा भोज विमानतल पर वार्षिक "एंटी-हाईजैक मॉक ड्रिल" का हुआ सफल आयोजन



भोपाल (आरएनएस)। राजा भोज विमानतल, भोपाल पर सोमवार को वार्षिक "एंटी-हाईजैक मॉक ड्रिल" का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य विमान हाईजैक जैसी आकस्मिक परिस्थितियों में त्वरित एवं समन्वित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना था। ड्रिल के दौरान एक विमान के अपहरण की प्रतीकात्मक स्थिति को निर्मित किया गया, जिसमें हाईजैक की सूचना प्राप्त होते ही त्वरित और योजनाबद्ध प्रतिक्रिया क्रियान्वित की गई। एटीसी द्वारा विमान के हाईजैक की सूचना प्राप्त होते ही एरोड्रम कमेटी के सभी सदस्यों को तत्काल सूचित किया गया, इसके बाद सभी सदस्य भोपाल विमानतल पर तकनीकी ब्लॉक के द्वितीय तल पर स्थित एरोड्रम कमेटी कंट्रोल रूम में एकत्रित हुए। इस कमेटी की अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह विभाग) द्वारा की जाती है, जो कि केन्द्रीय समिति से समन्वय करके त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करती है।इस मॉक ड्रिल का नेतृत्व आईपीएस श्रीमती कृष्णावेणी देशावतु, सचिव, गृह विभाग, की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान विभिन्न सुरक्षा और आपातकालीन एजेंसियों के मध्य बेहतर समन्वय एवं कार्रवाई की वास्तविकता को परखा गया।

# समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन में ढ़िलाई न हो : कलेक्टर श्रीमती चौहान

## अंतरविभागीय समन्वय बैठक में किसानों को फोन लगाकर जागरूक करने के दिए निर्देश

ग्वालियर (आरएनएस)। जिन उपार्जन केन्द्रों पर किसानों द्वारा कम स्लॉट बुक कराएं है और खरीदी कम हो रही है ,उस क्षेत्र के किसानों को फोन लगाकर एवं प्रत्यक्ष संपर्क कर इसके लिए जागरूक करें। समर्थन मूल्य पर किसान भाइयों से गेहूं का उपार्जन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। इसलिए इस काम में कोई ढिलाई न हो। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने उपार्जन व्यवस्था की समीक्षा के दौरान अन्तर विभागीय समन्वय बैठक में दिए। उन्होंने भितरवार विकासखण्ड के सांखनी व मुरार विकासखण्ड के पारसेन व डबका बेहट उपार्जन केन्द्रों पर कम स्लॉट व कम खरीदी होने पर नाराजगी जताई। साथ ही सांखनी व पारसेन संस्थाओं के समिति प्रबंधक और भितरवार क्षेत्र के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को निलंबित करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्रीमती चौहान ने सरकार की मंशा के अनुरूप स्व-सहायता समूहों की दीदियों को गेहूं उपार्जन का काम देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जोर देकर



कहा कि समर्थन मूल्य पर उपज बेच कर गए किसानों को भुगतान में देरी नहीं होना चाहिए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली की उचित मूल्य की दुकानों से जुड़े शेष सभी उपभोक्ताओं की ई-केवायसी अभियान बतौर पूर्ण कराने के निर्देश भी कलेक्टर ने बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि ई-केवायसी घर बैठे भी एंड्रॉयड मोबाइल फोन के माध्यम से की जा सकती है। इसका प्रजेंटेशन भी उन्होंने बैठक में दिखाया। साथ ही कहा कि उपभोक्ताओं को इस बात के लिये जागरूक करें कि यदि ई-केवायसी नहीं करायेंगे तो आगे से उन्हें राशन नहीं मिलेगा। भितरवार जनपद पंचायत क्षेत्र में प्रगति ठीक न पाए जाने पर उन्होंने जिला आपूर्ति नियंत्रक को मौके पर जाकर इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि हाल ही में सत्यापन कर 3 हजार ऐसे उपभोक्ताओं को सूची से डिलीट किया गया है जो मृत हो चुके हैं अथवा शादी के बाद या किसी अन्य कारणों से दूसरी जगह स्थायी रूप से शिफ्ट हो चुके हैं। अंतरविभागीय समन्वय बैठक में कलेक्टर श्रीमती चौहान ने राशन ई-केवायसी के साथ-साथ स्कूली बच्चों की ई-केवायसी व आधार कार्ड बनाने का काम भी नए शिक्षा सत्र से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को हिदायत दी कि महिला-बाल विकास की मशीनों सहित अन्य मशीनों की मैपिंग कर यह काम कराएँ। निर्माणाधीन डबरा अस्पताल भवन की धीमी प्रगति पर कलेक्टर श्रीमती चौहान ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने के लिये भोपाल प्रस्ताव भेजने और उपयंत्री के खिलाफ कार्रवाई के लिये कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## रीवा में बाइक को टक्कर मारने के बाद बस पलटीः 2 की मौत, 5 घायल

रीवां (आरएनएस)। रीवा से सेमरिया जा रही यात्रियों से भरी बस ने बाइक को टक्कर मार दी और अनियंत्रित होकर पलट गई, हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच यात्री घायल बताए जा रहे हैं.

हादसा रविवार शाम करीब 4:00 बजे हरदुआ में हुआ। घटना की सूचना मिलते ही सेमरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने राहत और बचाव कार्य कर बस में फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। जबकि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है.

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पूरा हादसा ओवरटेक करते समय हुआ। जहां बस ने बाइक को ओवरटेक करना चाहा। इसी दौरान बस बाइक को टक्कर मारने के बाद पलट गई और यह हादसा हो गया.

'प्राथमिक इंतजाम भी होते तो बच सकती थी जान' सेमरिया निवासी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पूरी गलती तेज रफ्तार बस के ड्राइवर की थी, जिसने तेज रफ्तार होने के कारण वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण यह भीषण सड़क हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अगर सेमरिया अस्पताल में इलाज के लिए बुनियादी इंतजाम भी होते तो शायद दोनों घायलों की जान बच सकती थी.

सिस्टम फेलियर ने ली जान नरेंद्र के मुताबिक, सिस्टम फेलियर ने सड़क हादसे में घायल बाइक सवारों की जान ले ली। एंबुलेंस को भी बुलाया गया, लेकिन हादसे के करीब 45 मिनट बाद भी कोई एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। नरेंद्र ने खुद दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया.

## एमपी में 6 की मौत, दूल्हा-दुल्हन घायलः पुलिया से खाई में गिरा 'तूफान' वाहन, 2 साल की मासूम ने भी तोड़ा दम

रायसेन (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। बताया गया कि तूफान गाड़ी अनियंत्रित होकर पुलिया से खाई में गिर गई। इस घटना में दो साल की मासूम बच्ची ने भी दम तोड़ दिया। वहीं दूल्हा-दुल्हन समेत तीन लोग घायल हो गए। यह सभी शादी समारोह से बिहार से इंदौर लौट रहे थे। यह पूरी घटना सुल्तानपुर थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक, इंदौर जिले के चंदनगर निवासी बिहार के पटना से शादी कर लौट रहे थे। इस दौरान नेशनल हाइवे 12 में बम्होरी गांव के पास गाड़ी पुलिया से खाई में गिर गई। इस घटना में छह लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। 2 साल की बच्ची ने भी दम दोड़ दिया। वहीं दूल्हा-दुल्हन समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को रायसेन जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मृतकों की पहचान महिला चंदा देवी (60) उदयपुर राजस्थान, सरिता पत्नी रवि खोलवाल (25) चंदन नगर इंदौर, एक बच्ची तस्वी उर्फ चीनू (2) इंदौर और तीन पुरुषों मोहनलाल कुरील (68), दूल्हे का भाई नरेंद्र (30) इंदौर और ड्राइवर सुनील के रूप में हुई। घायलों में शामिल दीपक चोपड़ा दूल्हा है और संगीता दुल्हन है। दोनों परिवारों के लोग पटना गए थे और वहां से इंदौर लौट रहे थे। इस दौरान हादसे का शिकार हो गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरफुसे ने बताया कि सुबह 6.30 से 7 बजे बम्होरी गांव के पास हादसा हुआ। तूफान गाड़ी में 9 लोग सवार होकर बिहार के पटना से शादी समारोह के बाद इंदौर लौट रहे थे। इस दौरान गाड़ी खाई में गिर गई। जिसमें 6 लोगों की मौत हुई है।

## पहले लव मैरिज की अब चरित्र शंका में पीटा

उज्जैन, (आरएनएस)। एकता नगर में रहने वाली महिला के साथ उसके पति ने शराब के नशे में धुत्त होकर मारपीट की। नीलगंगा थाना पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि एकता नगर निवासी 20 वर्षीय महक रायकवार पति बल्लू उर्फ बलराम के साथ पति ने रात 11 बजे चरित्र शंका का आरोप लगाकर मारपीट की। महक ने पुलिस को बताया कि उसने बल्लू से लव मैरिज की थी अब वह शंका करता है। रात में जब पति महक को पीट रहा था तब शोर सुनकर सास हरकूबाई और ननंद बुलबुल ने उसे बचाया। पुलिस ने महिला का मेडिकल कराने के बाद केस दर्ज किया।

## शहीद पार्क पर कार-ई रिक्शा भिड़ंत, 1 घायल

उज्जैन (आरएनएस)। सुबह शहीद पार्क पर कार और ई रिक्शा के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हो गई जिसमें एक व्यक्ति घायल हुआ है। सूचना मिलने पर माधव नगर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला जांच में लिया।पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 7.30 बजे शहीद पार्क के पास कार और ई रिक्शा में टक्कर की सूचना मिली थी। कार की टक्कर से ई रिक्शा पलट गई और उसका ड्रायवर राजेन्द्र नगर दालमिल निवासी रवि पिता दीपचंद साहू घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराने के बाद कार को जब्त किया गया है।

## एमपी के अस्पताल में बुजुर्ग को घसीटे जाने के मामले में डॉक्टर बर्खास्त, स्वास्थ्य अधिकारी निलंबित



छतरपुर (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के एक सरकारी अस्पताल में दो लोगों द्वारा एक बुजुर्ग को घसीटे जाने का वीडियो वायरल होने और फिर मामला दर्ज किए जाने के बाद एक चिकित्सक की सेवाएं समाप्त कर दी गई और एक वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है. यह घटना 17 अप्रैल की है जब नौगांव शहर के निवासी उद्धव सिंह जोशी (70) अपनी पत्नी की चिकित्सकीय जांच के लिए छतरपुर के जिला अस्पताल पहुंचे थे. उन्होंने पत्रकारों से कहा, ''समय से संबंधित पर्ची मिलने के बाद मैं काफी देर तक लाइन में खड़ा रहा. जब मेरी बारी आई तो डॉ. राजेश मिश्रा ने इसका विरोध किया और फिर मुझे थप्पड़ और लात मारी.''

उनके आरोपों का खंडन करते हुए सिविल सर्जन जी एल अहिरवार ने कहा कि जगह पर क्षमता से अधिक भीड़ थी और डॉ. मिश्रा ने आपत्ति जताई क्योंकि जोशी ने कतार तोड़ दी थी.

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की निदेशक सलोनी सिडाना ने हड्डी रोग के संविदा चिकित्सक डॉ. मिश्रा की सेवाएं समाप्त कर दी हैं. इस प्रकरण में लापरवाही और अधीनस्थों को नियंत्रित करने में विफल रहने के लिए राज्य के स्वास्थ्य विभाग द्वारा अहिरवार को निलंबित कर दिया गया. इससे पहले जिलाधिकारी पार्थ जायसवाल ने अहिरवार को घटना के बारे में रिपोर्ट सौंपने के उनके निर्देशों की अनदेखी करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया था. अधिकारी ने कहा, 'डॉ. अहिरवार को 24 घंटे के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया गया. जिलाधिकारी ने एसडीएम के तहत तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था, जिसने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है. इस रिपोर्ट के आधार पर जायसवाल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की.'सब डिविजनल मजिस्ट्रेट द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर जायसवाल ने स्वास्थ्य विभाग से मिश्रा के खिलाफकार्रवाई करने को कहा. जिलाधिकारी की सिफारिश के बाद राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक सिदाना ने मिश्रा को नोटिस दिया था.

### जानलेवा हमला : रविवार की रात को शाहरुख पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

रतलाम, (आरएनएस)। रविवार की रात को रंजिश के चलते एक व्यक्ति पर चाकुओं से वार कर जानलेवा हमला कर दिया। घायल को तत्काल उपचार ले जाया गया। पुलिस मौके पर पहुंची। 30 मिनट के अंदर ही पुलिस ने तीन हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रंजिश के कारण दानीपुरा निवासी शाहबाज उर्फ शाहरुख़ पिता शकील कुरैशी पर कजानलेवा हमला किया। तीन व्यक्तियों ने चाकू से वार किया। चाकू जांघ में लगा।इस्लाम ने किया बीच बचाव और ले गया अस्पतालफ़रियादी शाहरुख़ कुरैशी का उसके साथी इस्लाम ने बीच बचाव किया। घायल शाहरुख़ को उपचार के लिए सिविल अस्पताल लेकर गए। थाना स्टेशन रोड पर अपराध क्र 326/2025 धारा 109, 296, 3(5) BNS पंजीबद्ध किया गया।घटना की गंभीरता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर थाना स्टेशन रोड पुलिस द्वारा आधे घंटे मे ही तीन आरोपियों रतलाम के लाल जी का वास निवासी आरोपी अलफेज़ हुसैन पिता नसीर हुसैन, शाहरुख हुसैन पिता नासीर हुसैन और फरीद हुसैन पिता नासीर हुसैन को तत्काल गिरफ़्तार कर लिया गया।

# व्यापार समाचार

## इंस्टाग्राम का बलैंड फीचर क्या है? जिससे रील्स देखना और भी पर्सनल व मेजदार होगा

नई दिल्ली (आरएनएस)। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम आजकल फेसबुक से ज्यादा लोकप्रिय हो गया है। इंस्टाग्राम में काफी एडवांस फीचर्स भी है। हाल ही में इंस्टा यूजर्स की सुविधा के लिए एक और फीचर लॉन्च किया है। जिसका नाम बलैंड (Blend) है। ये फीचर खासतौर पर उन यूजर्स के लिए बनाया गया है जो अपने दोस्तों के साथ रील्स देखने और शेयर करने का मजा उठाते है। ब्द्यद्गठ्ठस्त्र फीचर से इंस्टाग्राम का इस्तेमाल अब और भी पर्सनल और मेजदार हो जाएगा।

**आखिर क्या है बलैंड फीचर**

आपको बता दें कि बलैंड एक ऐसा फीचर है जिसमें आप और आपका कोई दोस्त एक साथ इंस्टाग्राम रील्स का माजा ले सकते हैं। आप अब किसी के साथ भी बलेंड में जुड़ते हैं तो इंस्टाग्राम आपके और उस दोस्त की पसंद के हिसाब से रील्स सजेस्ट करता है। इसका मतलब दोनों इंटरेस्ट का मिलाजुला कंटेंट एक फीड में दिखाया जाएगा।

**कैसे काम करते है ये फीचर**

अगर आप किसी दोस्त को Blend इनवाइट भेजते हैं। इसके बाद जब वो इनवाइट एक्सेप्ट कर लेता है तो दोनों के लिए एक स्पेशल रील्स फीड बन जाती है। इसमें दोनों की पसंद के हिसाब से वीडियो दिखते हैं। ब्द्यद्गठ्ठस्त्र फीड को आप चैट के जरिए एक्सेस कर सकते हैं।

**एक्सपीरियंस और ज्यादा खास और पर्सनल हो जाएग होगा**

दोस्तों के साथ Reels शेयर करने और देखने का नया एक्सपीरियंस मिलेगा। ब्द्यद्गठ्ठस्त्र फीचर से इंस्टाग्राम का एक्सपीरियंस और ज्यादा खास और पर्सनल हो जाएगा। जब आप दोनों को एक जैसे या अजीब रील्स दिखें, तो चैट में बातचीत और हंसी-मजाक का मौका बढ़ेगा।

## भारतीय शेयर बाजार में लौटी रौनक, सेंसेक्स ने लगाई जबरदस्त छलांग

मुंबई (आरएनएस)। सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच सोमवार को घरेलू बेंचमार्क हरे निशान में खुले। शुरुआती कारोबार में आईटी, पीएसयू बैंक और फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सुबह करीब 9.29 बजे सेंसेक्स 396.06 अंक या 0.50 प्रतिशत बढ़कर 78,949.26 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 98.20 अंक या 0.41 प्रतिशत बढ़कर 23,949.85 पर था।

निफ्टी बैंक 862.25 अंक या 1.59 प्रतिशत बढ़कर 55,152.45 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 233.50 अंक या 0.44 प्रतिशत बढ़कर 52,891.30 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 50.15 अंक या 0.31 प्रतिशत चढ़कर 16,460.35 पर था।

बाजार पर नजर रखने वालों के अनुसार, सकारात्मक शुरुआत के बाद, निफ्टी को 23,700 पर समर्थन मिलने की संभावना है, उससे पहले 22,600 और 22,500 पर समर्थन मिल सकता है। ऊपर की ओर, 24,000 तत्काल प्रतिरोध हो सकता है, उसके बाद 24,200 और 24,500 स्तर पर प्रतिरोध हो सकता है।चॉइस ब्रोकिंग के मंदार भोजने ने कहा, बैंक निफ्टी चार्ट 54,000 पर संभावित समर्थन का संकेत देते हैं, उसके पहले 53,700 और 53,500 पर समर्थन मिल सकता है। अगर सूचकांक ऊपर जाता है तो 54,500 पर प्रतिरोध हो सकता है, जिसके बाद 54,700 और 55,000 स्तर पर प्रतिरोध हो सकता है।बाजार के जानकारों ने कहा कि बड़े प्राइवेट बैंक बढ़त हासिल कर नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गए हैं। सप्ताह के अंत में बैंक के तिमाही नतीजे बाजार की उम्मीदों के अनुरूप रहे और बाजार को ऊपर ले जाने में मददगार रहे।

## भारत को आईएमएफ और विश्व बैंक 'वैश्विक व्यापार के इंजन' के रूप में देखते हैं : वित्त मंत्री सीतारमण



सैन फ्रांसिस्को ,(आरएनएस) । वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मौजूदा सरकार द्वारा प्रदान की गई स्थिरता के कारण 'भारत' सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। अमेरिका में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा, जब हम कहते हैं कि भारत एक तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है तो इस तथ्य को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक (वर्ल्ड बैंक) भी स्वीकार करते हैं। वे मानते हैं कि अपनी विकास क्षमता के कारण भारत विश्व व्यापार को बढ़ाने वाले एक इंजन के रूप में काम कर सकता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगे कहा कि इस क्षमता के विकास के साथ हम वैश्विक स्तर पर विभिन्न अनिश्चितताओं के कारण देखे जा रहे ट्रेंड को बदल सकते हैं। मौजूदा ट्रेंड में ग्रोथ और ट्रेड दोनों ही कम हैं, लेकिन कुछ स्थानों पर मुद्रास्फीति अधिक है, जिसकी वजह से लोग सोच रहे हैं कि भविष्य में मंदी आने वाली है।

## गूगल ने सीसीआई को 20.24 करोड़ रुपये का किया भुगतान, एंड्रॉयड टीवी से जुड़े मामले का हुआ निपटारा




नई दिल्ली (ए.)। गूगल ने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) को 20.24 करोड़ रुपये का भुगतान कर एंड्रॉयड टीवी से जुड़े एक मामले का निपटारा कर लिया है। भारत में संशोधित प्रतिस्पर्धा अधिनियम के तहत निपटाया जाने वाला यह पहला मामला है। 2023 में इस कानून से जुड़े प्रावधानों में बदलाव किया गया था। इससे पहले 2021 में नियामक ने गूगल के खिलाफ विस्तृत जांच के आदेश दिए थे।

बाद में, गूगल ने मामले को निपटाने का प्रस्ताव रखा और सीसीआई ने निपटान प्रस्ताव पर विचार किया। सीसीआई ने पाया कि "न्यू इंडिया एग्रीमेंट" के तहत, गूगल भारत में एंड्रॉइड स्मार्ट टीवी के लिए प्ले स्टोर और प्ले सेवाओं के लिए एक स्टैंडअलोन लाइसेंस प्रदान करेगा। इससे इन सेवाओं को बंडल करने या डिफॉल्ट प्लेसमेंट शर्तें लगाने की जरूरत खत्म हो जाएगी।" नियामक की ओर से सोमवार को एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। नियामक ने कहा कि उसने गूगल के निपटान प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है।

## GOLD ने बनाया नया रिकॉर्ड, कीमत 1 लाख के करीब पहुंची; जानें आपके शहर में क्या है रेट

नई दिल्ली ,(आरएनएस) । सोने की कीमतों ने सोमवार को नया रिकॉर्ड हाई बनाया और 24 कैरेट सोने का भाव पहली बार 97,000 रुपये के करीब पहुंच गया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव बढ़कर 96,805 रुपये हो गया है, जो कि 97,000 रुपये से मामूली रूप से कम है। सोने की कीमतों में तेजी की वजह वैश्विक स्तर पर अस्थिरता और डॉलर की कमजोरी को माना जा रहा है।हाजिर बाजार में भी सोने की कीमतों में इजाफा देखने को मिल रहा है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 96,659 रुपये प्रति ग्राम हो गई है। वहीं, 22 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 9,427 रुपये प्रति ग्राम हो गई है। वहीं, 20 कैरेट और 18 कैरेट की कीमत क्रमश: 8,596 और 7,824 रुपये प्रति ग्राम हो गई है।घरेलू के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सोने की कीमतों में इजाफा देखा जा रहा है और कॉमैक्स पर सोने की कीमत बढ़कर 3,400 डॉलर प्रति औंस हो गई है। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते तनाव के कारण दुनिया भर के निवेशक सुरक्षित माने जाने वाले सोने में निवेश कर रहे हैं। देश के अलग-अलग शहरों में आज यानी 21 अप्रैल को 22 और 24 कैरेट सोने के रेट में हल्का फर्क देखा गया। दिल्ली में 22 कैरेट सोना 88,240 और 24 कैरेट 96,260 प्रति 10 ग्राम रहा। वहीं मुंबई में 22 कैरेट सोना 88,390 और 24 कैरेट सोना 96,420 रहा। कोलकाता में 22 कैरेट सोना 88,280 और 24 कैरेट 96,300 पर रहा। चेन्नई में 22 कैरेट का भाव 88,640 और 24 कैरेट 96,700 दर्ज किया गया, जबकि बेंगलुरु में 22 कैरेट सोना 88,460 और 24 कैरेट 96,500 प्रति 10 ग्राम रहा।



## भारत में जल्द आ सकती है स्टारलिंक इंटरनेट सेवा, केंद्रीय मंत्री से मिले कंपनी प्रतिनिधि; जानिए खर्च और फायदे

नई दिल्ली(आरएनएस)। ।भारत में एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक द्वारा सैटेलाइट आधारित इंटरनेट सेवा लॉन्च किए जाने की चर्चाएं पिछले कई महीनों से चल रही हैं, लेकिन अब ऐसा प्रतीत होता है कि देश में हाई-स्पीड सैटेलाइट इंटरनेट कनेक्टिविटी का इंतजार जल्द खत्म हो सकता है। हाल ही में स्टारलिंक के कई बड़े प्रतिनिधियों ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। इस मुलाकात के बाद से भारत में स्टारलिंक की एंट्री को लेकर कयास तेज हो गए हैं।

स्टारलिंक की सैटेलाइट बेस्ड इंटरनेट कनेक्टिविटी का एक बड़ा फायदा यह होगा कि यह उन क्षेत्रों में भी आसानी से इंटरनेट उपलब्ध करा सकती है जहां पारंपरिक मोबाइल नेटवर्क के टावर या केबल ब्रॉडबैंड की सुविधा नहीं है। इससे देश के दूरदराज और दुर्गम इलाकों में भी डिजिटल कनेक्टिविटी पहुंचाई जा सकेगी।

हालांकि, भारत में स्टारलिंक कनेक्शन लेने के लिए कितनी कीमत चुकानी पड़ेगी और इसका मासिक खर्च कितना होगा, इसकी फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी कंपनी या सरकार की तरफ से नहीं दी गई है। लेकिन कुछ रिपोर्ट्स की मानें तो भारत में इसकी मासिक कीमत करीब 9,000 रुपये से लेकर 10,500 रुपये तक की हो सकती है। यह कीमत



फिलहाल अमेरिका जैसे देशों में ली जाने वाली फीस के बराबर है। अगर भारत में इसी कीमत में इसे लॉन्च किया जाता है, तो यह आम नागरिकों के बड़े वर्ग की पहुंच से दूर हो सकता है।

मासिक शुल्क के अलावा, स्टारलिंक सर्विस का फायदा लेने के लिए ग्राहकों को एक खास तरह की किट भी खरीदनी होगी। इस किट में सैटेलाइट डिश, राउटर और इंस्टॉलेशन के लिए जरूरी सपोर्ट शामिल होगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, स्टारलिंक के इस किट की कीमत 30 हजार रुपये से लेकर 50,000 रुपये तक हो सकती है। अनुमान लगाया जा रहा है कि ग्राहकों को पहले साल के लिए कुल डेढ़ लाख रुपये तक खर्च करने पड़ सकते हैं, जिसमें किट की कीमत और मासिक शुल्क शामिल होगा, जबकि दूसरे साल से सिर्फ मासिक सर्विस फीस ही देनी होगी।

स्पीड की बात करें तो स्टारलिंक के जरिए भारत में हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी मिलने वाली है। बताया जा रहा है कि इसमें यूजर्स को सामान्य तौर पर 100Mbps से लेकर 200 Mbps तक की तगड़ी इंटरनेट स्पीड मिलेगी। इसमें मौजूदा ब्रॉडबैंड की तुलना में लेटेंसी (डेटा ट्रांसफर में लगने वाला समय) भी कम होगी, जिससे ऑनलाइन गेमिंग, वीडियो स्ट्रीमिंग और वीडियो कॉल जैसे कामों में काफी बेहतर एक्सपीरियंस मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री के साथ हुई मुलाकात और सैटेलाइट इंटरनेट की आवश्यकता को देखते हुए, माना जा रहा है कि सरकार जल्द ही स्टारलिंक या अन्य सैटेलाइट इंटरनेट प्रदाताओं के लिए भारत में परिचालन शुरू करने के रास्ते खोल सकती है। हालांकि, कीमत का पहलू एक महत्वपूर्ण कारक रहेगा जो यह तय करेगा कि यह सेवा कितने लोगों तक पहुंच पाएगी।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## वस्त्र संहिता जरूरी

महाराष्ट्र के सभी मंदिरों में दिशा-निर्देश जारी कर भक्तों से शालीन कपड़े पहनने का आग्रह किया जा रहा है। मंदिरों के न्यासियों का मानना है, धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाये रखने के लिए ड्रेस कोड यानी वस्त्र संहिता जरूरी है।पुणे के मोरगांव और थेउर, अहिल्यानगर में सिद्धटेक और पिंपरी चिंचवाड़ मोरया गोसावी और रायगढ में खार नारंगी आदि के प्रबंधकों ने श्रद्धालुओं से उचित पोशाक पहनने का अनुरोध किया है। यह स्पष्ट किया गया है कि यह अनिवार्य नहीं है, मगर शिष्टाचार बनाये रखने के लिए सम्मानजनक अपील भर है। इसी साल के शुरुआत में मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धविनायक मंदिर में भी ड्रेस कोड की घोषणा की थी। कुछ अन्य मंदिरों ने जींस, स्कर्ट, शार्ट्स, देह दर्शाना पोशाक पर सख्त पाबंदी लगाई है। यह प्रतिबंध समूचे महाराष्ट्र में लागू करने के प्रयास हैं। शनि शिगणापुर व अहिल्यानगर जिले के शिरडी में भी यह ड्रेस कोड लागू करने की अपील की गई है। कुछ साल पहले नागपुरके चार मंदिरों में ड्रेस कोड जारी किया था, जिसमें गोपालकृष्ण मंदिर, संकटमोचन पंचमुखी हनुमान, बृहस्पति मंदिर व दुर्गामाता मंदिर शामिल हैं। देशभर के विभिन्न बड़े मंदिरों में तेजी से ड्रेसकोड लागू होते जा रहे हैं। इसका बड़ा कारण यह भी है कि युवाओं में छोटे या बदन उघाड़ू कपड़े पहनने का फैशन चल पड़ा है। वास्तव में अन्य धार्मिक स्थलों मसलन गुरुद्वारों, चर्च व मजारों में इस तरह के ड्रेस कोड हमेशा से चले आ रहे हैं। कुछ धार्मिक स्थलों में सिर ढककर ही प्रवेश की आज्ञा होती है। हालांकि हिन्दू धर्म इन सब को लेकर बेहद सहिष्णु रहा है। तार्किक तौर पर तो बड़े मंदिरों में गर्भगृह में देवताओं की पूजा-अर्चना करने वाले महंत/पुरोहित/पुजारी हमेशा से केवल कमर के नीचे का भाग ढकते हैं। उनकी छाती हमेशा खुली होती है। मंदिर प्रांगण में जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा में खलल न हो, न ही उनकी आस्था पर प्रहार हो; यह ख्याल रखना मंदिर प्रबंधन का जिम्मा है। जिन धर्मस्थलों में वस्त्र-संहिता नहीं लागू है, वहां भी पहनावे के प्रति श्रद्धालुओं को सतर्क रहना सीखना चाहिए। आस्थावान होने का तात्पर्य है, भक्तों का प्रयास हो कि उनके कृत्य से किसी अन्य की भावनाएं न आहत हों। न ही वे खुद अपमानित होने वाले कदम उठाएं।




दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नई दिल्ली में दिल्ली सचिवालय में हीट एक्शन प्लान 2025 के शुभारंभ के दौरान एक जल कियोस्क का उद्घाटन किया।

### पृथ्वी दिवस विशेष

# हरियाली और जल संरक्षण

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीवन जीने की प्रेरणा देता है। इस वर्ष की थीम पृथ्वी बचाओ के साथ-साथ पर्यावरण के दो मूलभूत आधार हरियाली और जल संरक्षण पर विचार करना अत्यंत आवश्यक है। ये दोनों ही तत्व न केवल मानव जीवन, बल्कि समस्त जैव विविधता के अस्तित्व की कुंजी हैं।

**हरियाली, प्रकृति का हरा सोना कही जा सकती है।**

वृक्ष और वनस्पतियाँ पृथ्वी के फेफड़े हैं। समुद्र पृथ्वी के सारे अपशिष्ट नैसर्गिक रूप से साफ करने का सबसे बड़ा संयत्र कहा जा सकता है। वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित कर ऑक्सीजन प्रदान करने के साथ-साथ वृक्ष मिट्टी के कटाव को रोकते हैं, जलवायु को संतुलित करते हैं, और जीव-जंतुओं को आश्रय देते हैं।

भारत में वनों का क्षेत्रफल लगभग 21.71 प्रतिशत, भारतीय वन सर्वेक्षण 2021के अनुसार है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार आवश्यक 33 प्रतिशत से कम है। शहरीकरण, अंधाधुंध निर्माण, और औद्योगिकीकरण के कारण हरियाली का ह्रास एक गंभीर समस्या बन चुका है।

- वनों की कटाई से मरुस्थलीकरण बढ़ रहा है।
- प्रदूषण के कारण पेड़ों का जीवनकाल घटा है।
- जैव विविधता पर संकट।

**समाधान:**

- सामुदायिक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाना।
- सरकारी योजनाओं जैसे ग्रीन इंडिया मिशन को सक्रियता से लागू




करना। - शहरी क्षेत्रों में छतों पर बगीचे (टेरेस गार्डनिंग) को बढ़ावा देना।

**- - - जल संरक्षण:**

जल ही जीवन है, यह वाक्य भारत जैसे देश में और भी प्रासंगिक है,ह्ढ्ढञ्जढ्ढ आयोग, 2018 के अनुसार 60 करोड़ लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं । नदियों का प्रदूषण, भूजल स्तर का गिरना, और वर्षा जल का अपव्यय जल संकट को गहरा कर रहे हैं।

**चुनौतियाँ:**

- कृषि और उद्योगों में जल की अत्यधिक खपत।
- वर्षा जल संचयन की पारंपरिक प्रणालियों (जैसे कुएँ, तालाब) का विलोपन।
- नदियों में प्लास्टिक और रासायनिक कचरे के निपटान को रोकना।

**समाधान:**

- वर्षा जल संचयन (रेनवाटर हार्वेस्टिंग) को अनिवार्य बनाना।
- नदियों की सफाई के लिए नमामि गंगे जैसे अभियानों को व्यापक स्तर पर लागू करना। - किसानों को ड्रिप सिंचाई और फसल चक्र अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना।

हरियाली और जल संरक्षण: दोनों का अटूट नाता है। ये दोनों पहलू एक-दूसरे के पूरक हैं। वृक्ष भूजल स्तर बढ़ाने में मदद करते हैं, जबकि जल के बिना हरियाली संभव नहीं। हरियाली के बिना शुद्ध वातावरण संभव नहीं होता। उदाहरण के लिए, राजस्थान के तरुण भारत संघ ने जल संरक्षण और वनीकरण के माध्यम से अलवर क्षेत्र को हरा-भरा बनाने का वृहद कार्य किया है। इसी प्रकार, केरल की हरित क्रांति ने वर्षा जल प्रबंधन को प्राथमिकता देकर कृषि उत्पादन बढ़ाया।

**हम क्या कर सकते हैं?**

1. व्यक्तिगत स्तर पर: - घर में पौधे लगाएँ और पानी की बर्बादी रोकें। - प्लास्टिक का उपयोग कम करके मिट्टी और जल को प्रदूषण से बचाएँ। वर्षा जल संग्रह प्रारंभ करें।

2. सामुदायिक स्तर पर: - गली-मोहल्ले में जागरूकता अभियान चलाएँ। - स्कूलों और कॉलेजों में इको-क्लब बनाएँ।

3. राष्ट्रीय स्तर पर: - सरकार को जल शक्ति अभियान और राष्ट्रीय हरित न्यायालय के निर्देशों को कड़ाई से लागू करना चाहिए। पृथ्वी दिवस केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी सतत प्रतिबद्धता दोहराने का प्रतीक है। हरियाली और जल संरक्षण के बिना, मानवता का भविष्य अंधकारमय है। हम सब कोथिंक ग्लोबली, एक्ट लोकली के सिद्धांत पर चलते हुए, अपनी धरती को सुरक्षित रखने की शपथ लेने का समय है।

# सर्वोच्च न्यायालय वक्फ बोर्ड संशोधन कानून की सुनवाई में सतर्क, और दो अंतरिम आदेश जारी किए




**अजय दीक्षित**

सर्वोच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश जस्टिस खन्ना की अध्यक्षता वाली खंड पीठ ने नवीनतम वक्फ बोर्ड कानून के दो बिंदुओं को जस का तस रखने के आदेश जारी किए हैं जिसमें वक्फ बाय यूजर मुस्लिम धर्म की संपत्तियों को डिनोटिफाइड नहीं करने के आदेश दिए हैं जो 1991के वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक के अनुसार रहेंगे।दूसरे यूडब्ल्यूएमआईआईडी यानि वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक 2025 के अनुसार राज्य वक्फ बोर्ड या केंद्रीय वक्फ परिषद में कोई नियुक्ति अगली सुनवाई 05 मई तक नहीं करेगी ।यह आदेश सर्वोच्च न्यायालय की ओर से भारत सरकार के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को नोट कराए गए। याचिकाकर्ता मनोज झा, असुद्दीन उवैसी,इमरान मसूद,तथा अन्य याचिकाकर्ता सहित 77 याचिका दायर की गई है। इस मामले में उपराष्ट्रपति जगदीप धनगढ़ ने कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय संसद के बनाए कानून को रोक नहीं सकती है।उल्लेखनीय है याचिकाकर्ता ने अनुच्छेद 26 धार्मिक स्वतंत्रता का हवाला देकर न्यायालय से यह मांग की है कि मुसलमानों के धार्मिक रीति रिवाज और वक्फ संपत्तियों को देख भाल करने के लिए बनी समितियों, बोर्डों, परिषद में गैर मुसलमान की नियुक्ति करना संविधान की अनुच्छेद 26 के खिलाफ है। सर्वोच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता के वकील कपिल सिब्बल की जिरह सुनने के बाद आदेश जारी किया है हालांकि सरकार के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने यह दलील भी दी कि तब तो सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस खन्ना की खंड पीठ भी सुनवाई नहीं कर सकती। न्यायालय ने तुषार मेहता की इस दलील को नहीं माना और आदेश जारी कर दिया।यह पहला मौका नहीं जब भारत की सर्वोच्च न्यायालय यानी न्यायपालिका और व्यवस्थापिका में किसी मुद्दे को लेकर विवाद हुआ हो।इससे पूर्व 1986 में शाहबानो प्रकरण में भी न्यायपालिका के आदेश को तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी ने संसद में बिल ला कर आदेश बदला था।2006 में लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने संसद सदस्यों की बर्खास्त करने के मामले में सर्वोच्च न्यायालय का नोटिस ही लेने से मना कर दिया था बल्कि सख्त टिप्पणी भी की थी कि संसद ही सर्वोच्च है संसद के बनाए कानून पर ही न्यायालय को चलना चाहिए।

# भारत के सांस्कृतिक धरोहर को ऐतिहासिक वैश्विक सम्मान मिलना अत्यंत गौरवपूर्ण है

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर भारतीय संस्कृति सभ्यता व कला भारत की प्रतिष्ठित धरोहर है,यह भारतीय दर्शन कलात्मक व सभ्यता के स्तंभ हैं। मेरा मानना है कि जहां भी संस्कृति सभ्यता आध्यात्मिकता व मानवीय भावों की चर्चा होगी तो भारत का नाम जरुर लिया जाएगा, क्योंकि यह सभी भारत की जड़ों में है। भारत की ऐसी धरोहरें ही भारतिय ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर की समृद्धि है, जिसने भारत की वैश्विक मंचों पर अपनी प्रतिष्ठा का पताका लहराया है, जो रेखा अंकित करने वाली बात है। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्यों कि भारत की ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक धरोहरों की समृद्धि ने वैश्विक मंच पर एक बार फिर अपनी प्रतिष्ठा स्थापित की है। 17 अप्रैल को यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन) ने अपने मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में भारत के दो महान ग्रंथों भगवद गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को शामिल कर भारत की शाश्वत परंपरा और सांस्कृतिक उत्कृष्टता को वैश्विक स्तर पर मान्यता दी है। यह केवल भारत के लिए नहीं बल्कि वैश्विक संस्कृति और पूरी मानवता के लिए गर्व का विषय है क्योंकि ये दोनों ग्रंथ न केवल भारतीय जीवन दृष्टिकोण के दर्पण हैं बल्कि विश्व सभ्यता को भी दिशा देने वाले दार्शनिक और कलात्मक प्रकाश स्तंभ भी हैं। इस मान्यता ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत की आध्यात्मिक , सांस्कृतिक और कलात्मक परंपराएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक और प्रभावशाली हैं, जितनी वे सहस्त्रों वर्ष पूर्व थी। चूँकि भगवत गीता व नाट्यशास्त्र न केवल ग्रंथ है बल्कि मानवीय जीवन के लिए प्रेरणा स्त्रोत भारतीय दर्शन कलात्मक व सभ्यता के स्तंभ भी हैं तथा भारत की सांस्कृतिक धरोहर को ऐतिहासिक वैश्विक सम्मान मिलना अत्यंत गौरवपूर्ण बात है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, श्रीमद् भगवत गीता व भरत मुनि के नाट्य शास्त्र को यूनेस्को ने अपने मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रिकॉर्ड रजिस्टर में शामिल किया।

साथियों बात अगर हम यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रिकॉर्ड रजिस्टर को जानने की करें तो, यह दस्तावेजी धरोहरों का अंतर्राष्ट्रीय मंच है। यूनेस्को द्वारा मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड कार्यक्रम विश्व की महत्वपूर्ण दस्तावेजी धरोहरों को संरक्षित करने, उनका डिजिटलीकरण और प्रचार- प्रसार करने और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता देने के उद्देश्य से 1992 में प्रारंभ किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य ऐसे ऐतिहासिक ग्रंथों, पांडुलिपियों, अभिलेखों, चित्रों, ऑडियो-विजुअल सामग्री और अन्य दस्तावेजी धरोहरों को संरक्षण प्रदान करना और इन्हें सार्वभौमिक विरासत के रूप में स्थापित करना है, जो मानव सभ्यता की स्मृति और संस्कृति को संरक्षित करते हैं। दस्तावेजों की सुरक्षा, डिजिटलीकरण और वैश्विक प्रदर्शन इस बात को सुनिश्चित करता है कि हमारी धरोहरें समय के प्रवाह में विलुप्त न हों बल्कि युगों-युगों तक प्रासंगिक बनी रहें।




मेष राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज कुछ नया करने का दिन है। आप किसी काम के बारे में नए सिरे से सोच सकते हैं। आज आपका सपना साकार होने वाला है। उसे हासिल करने के लिए आत्मविश्वास और मेहनत की जरूरत है। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता संबंधी परीक्षा में बेहतर परिणाम मिलेंगे। अधिकतर काम व्यवस्थित रूप से संपन्न होते जाएंगे। जीवनसाथी आज आपके कार्यों में सहयोग करेंगे।

वृष राशि: आज आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। किसी जरूरी काम या मीटिंग की वजह से आपको आउट ऑफ स्टेशन या फिर विदेश यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। आज अपनी बोलचाल का लहजा नर्म रखें। गलत शब्दों के प्रयोग से रिश्ते खराब हो सकते हैं। किसी प्रकार की दुविधा की स्थिति में अनुभवी व्यक्ति की सलाह आपके लिए उचित रहेगी। आपको काम में ज्यादा तरक्की मिलेगी।

मिथुन राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। जो लोग लंबे समय से नौकरी की तलाश में हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है। आज अपने व्यावसायिक संपर्कों को और मजबूत करें। आपको अच्छे ऑर्डर और नए अनुबंध मिल सकते हैं। आपकी मेहनत से काम समय पर पूरे हो जाएंगे और साथ ही कर्मचारियों का भी काम पर पूरा समर्पण रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों को बदलाव संबंधी मौके मिल सकते हैं।

कर्क राशि: आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। शुरुआत में आपको लगेगा कि आपके काम पूरे हो रहे हैं, लेकिन शाम होते-होते किसी काम में समस्या आ सकती है। आज का दिन परिवारजनों के साथ बहुत ही सुकून भरा बीतेगा। आपकी सकारात्मक और संतुलित सोच आपको योजनाबद्ध तरीके से कार्य संपन्न करने में मदद करेगी। आज सामाजिक गतिविधियों में आपका उचित योगदान बना रहेगा।

सिंह राशि: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। जो छात्र बारहवीं के बाद कॉलेज में एडमिशन लेने की सोच रहे हैं उनके लिए आज का दिन अच्छा है। आज आपका उलझा हुआ काम बन सकता है, इसलिए पूरा ध्यान उस पर केंद्रित रखें। आज का दिन अपने सपने और महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बहुत ही अनुकूल है। दोस्तों के साथ घूमने संबंधी प्रोग्राम बनाएंगे।

कन्या राशि: आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आप आपके कार्य जरूर सफल रहेंगे। कन्या के लिए आपको सुयोग्य वर मिल सकता है। अनुभवी लोगों का सानिध्य करने का मौका मिलेगा जिससे दिन बहुत ही बढ़िया रहेगा। आप कुछ नया करने की सोचेंगे।

तुला राशि: आज आपका दिन ठीक रहेगा। किसी बड़े व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। आने वाले समय में वह आपके लिए बहुत ही उपयोगी साबित होंगे। आज ध्यान रखें कि किसी भी निर्णय को लेने में बहुत अधिक समय लगाने से कई उचित मौके हाथ से निकल भी सकते हैं।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन थोड़ा अच्छा रहेगा। आपको मन मुताबिक फल मिलेंगे। अगर आप अपने बिजनेस को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, तो एक बार जगह अच्छे से देख लें। किसी के साथ साझेदारी के लिए दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में किसी काम के लिए आप खुद से जिम्मेदारी ले सकते हैं। आज अपनी वाणी पर संयम रखें। लोहे का व्यापार कर रहे लोगों का व्यापार अच्छा चलेगा।

धनु राशि: आज आपका दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज कार्यस्थल में आपकी निगरानी बहुत जरूरी है। थोड़ी सी लापरवाही से महत्वपूर्ण ऑर्डर हाथ से निकल भी सकते हैं। बेहतर होगा अपनी नीतियों में कुछ बदलाव लाएं। सहयोगियों तथा कर्मचारियों की गतिविधियों को नजरअंदाज न करें। अनुभवी लोगों के साथ संपर्क में रहने से आपके लिए फायदेमंद स्थितियां बनेंगी।

मकर राशि: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी समस्या हल होने वाली है। सकारात्मक नजरिया रखने से भी परिस्थितियां अपने आप ही सामान्य हो जाएंगी। आपकी संतान का ध्यान भी अपनी पढ़ाई की तरफ लगा रहेगा। तथा किसी विषय को लेकर चल रही समस्या भी दूर होगी। किसी सरकारी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

कुंभ राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज व्यावसायिक मामलों में बहुत ही धैर्य और संयम रखने की जरूरत है। मीडिया तथा मार्केटिंग संबंधी व्यवसाय में उचित उपलब्धियां बन रही हैं। हालांकि अपनी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम हासिल नहीं होंगे। किसी की मदद से बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। परिवार में सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहेगा। आज घर और बाहर हर जगह आपकी तारीफ होगी।

मीन राशि: आज आपका दिन अच्छा बीतेगा। आज कार्यस्थल पर बिजनेस में बहुत व्यस्तता और मेहनत रहेगी। बिजनेस में बड़ी डील होने की संभावना है। पब्लिक डीलिंग में भी फायदेमंद स्थितियां रहेंगी। आज परिवार जनों के बीच उचित सामंजस्य रहेगा। साझेदारी संबंधी बिजनेस में साझेदार के साथ चल रही गतिविधियों को शांति से सुलझाएं।

# रोजगार की तलाश में युवा देश की जनसंख्या।

**युवा नियोजन योजना की जरूरत।**

संजीव ठाकुर,

भारत एक दशक के बाद सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश होगा और सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाला भी देश होगाद्य निश्चित तौर पर यह हमारे ऊपर है यह हमारी युवा जनसंख्या का उपयोग हम किस तरह विकास की गति के साथ साथ तालमेल बिठाकर भारत राष्ट्र का गौरव किस तरह बढ़ाते हैंद्य भारत का अधिकांश युवा रोजगार का तलबगार हो गया है,उसे सही मार्गदर्शन और नियोजन की योजना की जरूरत भी है।भारत की युवा और दीवा शक्ति के माध्यम से साइंस, टेक्नोलॉजी,मेडिकल, सेना, कंप्यूटर साइंस और स्वयं उद्यम के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भारत को अग्रणी देश बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए द्य अब इस विशाल जनसंख्या का सीमित संसाधन पर कितना दबाव होगा, आप ये कल्पना कर सकते हैं। बहुत अधिक जनसंख्या देश में अनेक सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक समस्याओं को जन्म भी देती है। वर्तमान में भारत 141करोड़ जनसंख्या (अनुमानित) के साथ विश्व में दूसरे नंबर पर है पहले नंबर पर चाइना 145( अनुमानित)करोड़ की आबादी वाला देश है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1989 से 11 जुलाई को हर वर्ष जनसंख्या दिवस के रूप में मनाता है पर जनसंख्या नियंत्रण या जनसंख्या नियोजन पर भारत जैसे देश में कोई भी योजना नहीं बनती है। यही जनसंख्या बढ़ चुकी है और भारत में युवा जनसंख्या 60त्न से ज्यादा है तो इसका सकारात्मक उपयोग ही किया जाना युक्ति युक्त होगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से भारत की जनसंख्या बाजार की ताकत है पर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से जनसंख्या विकास के लिए बड़ी बाधक भी है। अधिक जनसंख्या के दबाव में सीमित संसाधन छिन्न-भिन्न हो जाते हैं आम जनता को उनकी मूल जरूरतों की आवश्यक वस्तुएं नहीं मिल पाती और यदि मिलती भी है तो बहुत ऊंची दरों में या बहुत महंगाई के बाद।ऐसे में देश में अनेक समस्याएं पैदा होती है, और सबसे ज्यादा जनसंख्या के दबाव से विकास के लिए संकट खड़ा हो जाता है। विकास धीरे-धीरे मध्यम का अवरुद्ध हो जाता है। देश का आर्थिक नियोजन चरमराने लगता है। वर्ष 1951 से 81 के दशक को भारत की जनसंख्या की विस्फोटक अवधि के रूप में जाना जाता है। यह देश में मृत्यु दर के तीव्र स्खलन और जनसंख्या की उच्च प्रजनन दर के कारण हुआ है। वर्ष 1921 तक की अवधि में भारत की जनसंख्या की वृद्धि स्थिर अवस्था में रही क्योंकि इस अवधि में जनसंख्या वृद्धि की दर काफी निम्न थी। 1981 से



लगातार अभी तक जनसंख्या की दर बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बढ़ती जनसंख्या के मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस स्लोगन %परिवार नियोजन मानव का अधिकार% रखा गया है, ताकि बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न समस्याओं के प्रति जागरूक होकर लोगों द्वारा परिवार नियोजन पर उत्साहजनक जोर दिया जाए। यह स्लोगन यह संकेत करता है कि सुरक्षित एवं शैक्षिक परिवार नियोजन एक जिम्मेदार नागरिक का अधिकार है और यह सभी लोगों को सशक्त बनाएगा और देश में विकास की गति को तेज करने में सहायक भी होगा। भारत की जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण बढ़ती जन्म दर और कम मृत्यु दर भी है। जनसंख्या वृद्धि के कारण देश मैं बेरोजगारी गरीबी पर्यावरण प्रदूषण जैसी समस्याएं चुनौती बनकर सामने आई जो समाज व्यक्ति और राष्ट्र सभी के विकास को अवरुद्ध करती है। हमारे पास उपलब्ध संसाधन इतनी बड़ी आबादी के लिए कतई पर्याप्त नहीं है। विकास और देश की समृद्धि के लिए जनसंख्या नियंत्रण एक आवश्यक अंग हो सकता है। कई यूरोपीय देशों ने अपनी बढ़ती जनसंख्या एवं संसाधनों में उचित तालमेल हेतु परिवार नियंत्रण प्रणाली को का निर्णय लिया किंतु एक समय बाद वहां कार्यशील जनसंख्या की अपेक्षा वृद्धों की संख्या में वृद्धि हुई जिससे मानव संसाधन की समस्याएं उनके सामने आने लगी हैं। चीन में पहले जनसंख्या नियंत्रण किया गया था। सरकार ने वैधानिक रूप से एक या दो बच्चे पैदा करने की शर्तें लागू की थी, पर वहां बुजुर्गों, वृद्धों की संख्या में भारी वृद्धि होने के पश्चात चीन की सरकार ने ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपनी जनता से अपील की है। जापान एक छोटा सा देश होने के बावजूद अपने सीमित संसाधनों के चलते अपने नवाचार तथा तकनीकी शक्ति के बल पर विकासशील देशों के समकक्ष खड़ा है। भारत जैसे विशाल देश में जहां बहुत बड़ी जनसंख्या भी है और विकास के लिए आवश्यक संसाधन भी हैं, विकास करने के लिए केवल विशाल जनसंख्या के साथ सामंजस्य बिठाने की आवश्यकता होगी। भारत में जनसंख्या नियंत्रण के साथ-साथ उसके अनुपात में संसाधनों का संतुलन बना कर विकास की नई दिशा दी जा सकती है। संसाधनों की उचित दोहन हेतु सही और सटीक नीति तथा उसके क्रियान्वयन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा नवाचार एवं उचित तकनीक प्रौद्योगिकी को भी अमल में लाना होगा। भारत विश्व का प्रथम देश है जिसने 1952 में परिवार नियोजन कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किया इसका परिणाम भी अच्छा हुआ था कि पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या की वृद्धि में संतोषजनक गिरावट आई है। यह तो विदित है कि किसी भी राष्ट्र की संतुलित विकास की धारा तभी संभव है जब वहां के विकास में सहायक संसाधनों का संतुलन बना रहे। किसी एक घटक का संतुलन यदि गड़बड़ होता है तो विकास के लिए गंभीर समस्याएं जन्म लेना शुरू करती हैं। भारत की जनसंख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो दिन दूर नहीं जब संसाधनों की कमी से भारत को जूझना होगा फिर विकास की बात बेमानी हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जनसंख्या दिवस मनाने का उद्देश्य है कि व्यक्ति समाज सरकार और योजना कानों के मन में इस विषय से संबंधित समस्याओं के प्रति चेतना संवेदना जगाना ही है ताकि लोगों में बढ़ती जनसंख्या से जुड़ी समस्याएं एवं अवरोधों के बारे में जागरूकता ज्यादा से ज्यादा विस्तारित हो। भारत के पास विकास के सभी मापदंड होते हुए भी देश पिछड़ा हुआ है, भारत में तकनीकी का कम विकास, कमजोर शिक्षा ,परंपरागत स्रोत, कृषि का निम्न स्तर, आर्थिक असमानता जैसी अनेक समस्याएं हैं जो विकास मैं बाधक बनती रही है। वर्तमान में देश के पास प्राकृतिक एवं मानव संसाधन इतना है कि बढ़ती जनसंख्या की समस्याओं से आसानी से निपटा जा सके पर इस बात की अत्यंत आवश्यकता है कि संसाधनों का उचित दोहन तथा उसका सही उपयोग विकास की दिशा में भ्रष्टाचार से बचाकर किया जाए। यह अत्यंत उल्लेखनीय है कि जनसंख्या की समस्या से निपटने तथा विकास की दर को बढ़ाने की जिम्मेदारी केवल शासन प्रशासन की ही नहीं है इसके लिए आम नागरिक भी जिम्मेदार है क्योंकि समस्याएं खड़ी करने में आमजन का एक बड़ा वर्ग भी है, इसीलिए हम सबको जनसंख्या नियंत्रण और विकास की धारा को सही दिशा प्रदान करने के लिए सक्रिय सहयोग देना होगा तब ही देश एक सशक्त राष्ट्र बन पाएगा।



# हिमाचल की राजनीति में वापसी पर नड्डा का जबाव, मैं एक जिम्मेदार पद पर हूं



नई दिल्ली (ए.)। बीजेपी के नए अध्यक्ष के चुनाव की संभावनाओं के बीच पार्टी प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने हिमाचल प्रदेश की राजनीति में वापसी से इंकार किया। फरवरी 2020 में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने और तीन साल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से विस्तार पा रहे नड्डा ने कहा कि मैं एक जिम्मेदार पद पर हूं और राज्य में वापस आने की कोई संभावना नहीं है।

सूत्रों ने बताया था कि बीजेपी अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव का मार्ग प्रशस्त करने के लिए आने वाले दिनों में कई राज्य इकाइयों के प्रमुखों को चुनने की प्रक्रिया में जुटी है। पार्टी के एक नेता ने बताया था कि कुछ राज्यों में नियुक्ति होने के बाद,राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। नड्डा ने कहा कि प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष का चुनाव जल्द ही होगा।

इस दौरान नड्डा ने आरोप लगाया कि हिमाचल सरकार देश की कांग्रेस सरकारों में सबसे भ्रष्ट है। उन्होंने दावा किया कि सुक्खू सरकार ने नेशनल हेराल्ड को करोड़ों रुपये के विज्ञापन दिए हैं, जिसका प्रकाशन तक नहीं हो रहा है। नड्डा ने दावा किया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार राज्य में यह झूठा विमर्श खड़ा करने की कोशिश कर रही है कि केंद्र राज्य को धन नहीं दे रहा है और सीएम को हिमाचल की कोई चिंता नहीं है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने दी सिविल सर्विस डे की बधाई, लोक सेवकों के समर्पण और कर्तव्य निष्ठा को सराहा

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को सिविल सर्विस डे की बधाई दी है। उन्होंने सिविल सेवकों को उनके योगदान के लिए सराहा। उन्होंने कहा कि सिविल सेवकों की भूमिका, नीति निर्माण और कार्यान्वयन ने नागरिकों की भलाई और देश के विकास को प्रभावित किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर लिखा, सिविल सेवा दिवस पर सभी सिविल सेवकों को हार्दिक शुभकामनाएं। सार्वजनिक सेवा में आपकी भूमिका, नीति निर्माण और कार्यान्वयन में आपके योगदान ने नागरिकों के जीवन और देश के विकास को प्रभावित किया है। आशा है आप देश को उसके महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को साकार करने और सुशासन में नए मानदंड स्थापित करने में सराहनीय भूमिका निभाएंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सिविल सर्विस डे की बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, सिविल सेवा दिवस पर सभी सिविल सेवकों और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। वे भारत की प्रगति को आगे बढ़ाने और नागरिक कल्याण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह दिन उन्हें नए जोश और उत्कृष्टता के साथ राष्ट्र की सेवा जारी रखने के लिए प्रेरित करे। इससे पहले लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई नेताओं ने सिविल सर्विस डे की बधाई दी।लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने एक्स अकाउंट पर लिखा, सिविल सर्विस डे पर देश के सभी सिविल सेवा अधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं। देश के विकास और व्यवस्था के सुचारु संचालन में सिविल सेवकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। सिविल सेवा अधिकारी शासन और जनता के बीच सेतु की तरह काम करते हैं। संसद और विधान सभाओं में विधायिका जो कानून बनाती हैं, उन्हें जमीन पर उतारने और पालन करवाने में सिविल सेवक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



अभिनेता और फिल्म निर्माता रणदीप हुड्डा ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की.

## पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को बड़ी राहत, एक्शन पर 21 मई तक रोक, सुप्रीमकोर्ट ने पुलिस को दिया ये निर्देश

नई दिल्ली (आरएनएस)। धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में फंसी पूर्व ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि 21 मई तक उनके खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी, जिसमें गिरफ्तारी भी शामिल है।हालांकि, कोर्ट ने पूजा खेडकर को जांच में सहयोग करने का निर्देश देते हुए 2 मई को दिल्ली पुलिस के समक्ष पेश होने के लिए भी कहा है। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इस मामले में अब तक कोई ठोस जांच नहीं हुई है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया कि जांच को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।पूजा खेडकर पर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में धोखाधड़ी करने और गलत तरीके से ओबीसी और दिव्यांग कोटे का लाभ उठाने का आरोप है। इस मामले में उनकी अंतरिम सुरक्षा पहले भी कई बार बढ़ाई जा चुकी है। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में कहा था कि मामले की गहन जांच और एक बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए पूजा खेडकर से हिरासत में पूछताछ आवश्यक है।




कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रांची में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय के बाहर नेशनल हेराल्ड से संबंधित कथित धन शोधन मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर आरोप पत्र के खिलाफ हथकड़ी पहनकर विरोध प्रदर्शन किया और नारे लगाए।

## घर से भागकर प्रेमी जोड़े ने रचाई शादी, 10 महीने बाद दोनों ने दी जान; निर्माणाधीन अस्पताल भवन में मिले शव

देहरादून (आरएनएस)। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के प्रेमनगर थाना क्षेत्र के धूलकोट इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां ग्राफिक एरा अस्पताल के निर्माणाधीन भवन में काम करने वाले एक इलेक्ट्रिशियन और उसकी पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों के शव मजदूर आवास में पाइप के सहारे फंदे से लटके मिले। प्रारंभिक तौर पर उनके बीच शनिवार रात हुए विवाद को आत्महत्या का कारण बताया जा रहा है। पुलिस को यह जानकारी रविवार सुबह करीब सवा नौ बजे कंट्रोल रूम के जरिए मिली। सूचना मिलते ही प्रेमनगर थानाध्यक्ष मोहन सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान भास्कर लाल (28 वर्ष), पुत्र बाबूराम चंद्राकर, निवासी ग्राम कुआं, तहसील सहसपुर लोहारा, थाना पिपरिया, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ और उनकी पत्नी जनिक गौड़ (26 वर्ष) के रूप में हुई। दोनों के शव मजदूर आवास की छत में लगे पाइप से लटके हुए थे।

## भारत की चुनाव प्रणाली में गंभीर समस्या', अमेरिका की ब्राउन यूनिवर्सिटी में बोले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस सांसद और भारतीय संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इन दिनों अमेरिका दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने बोस्टन स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी में छात्रों के साथ बातचीत की, जहां उन्होंने भारत की चुनाव प्रणाली पर सवाल उठाते हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।



राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव में वोटिंग प्रक्रिया में असामान्यता पाई गई। उन्होंने दावा किया कि शाम 5:30 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार जितने युवाओं ने मतदान किया, उससे कहीं अधिक लोगों ने 5: 30 के बाद वोट डाले, जबकि उस समय तक मतदान बंद हो जाना चाहिए था। मतदान प्रक्रिया में एक व्यक्ति को औसतन 3 मिनट लगते हैं। अगर 65 लाख लोगों ने 5:30 से 7:30 बजे के बीच मतदान किया, तो यह फिजिकली संभव नहीं है, जब तक कि लोग रात 2 बजे तक कतार में खड़े न हों – जो नहीं हुआ, राहुल गांधी ने कहा।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव आयोग पारदर्शिता नहीं बरत रहा है। हमने पूछा कि क्या इस प्रक्रिया की वीडियोग्राफी हो रही है? उन्होंने न सिर्फ इनकार किया, बल्कि कानून भी बदल दिया जिससे अब वीडियोग्राफी की मांग नहीं की जा सकती।

राहुल गांधी ने साफ तौर पर कहा कि चुनाव आयोग के रवैये से स्पष्ट है कि चुनाव प्रणाली से समझौता किया जा चुका है और यह लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है।

## झारखंड : गिरिडीह में कपड़े की दुकान में भीषण आग, दो लोग फंसे, लाखों का नुकसान

गिरिडीह (आरएनएस)। झारखंड के गिरिडीह शहर के पचंबा इलाके में कपड़े की एक बड़ी दुकान में भीषण आग लग गई। एक महिला और बच्ची आग की लपटों के बीच फंसी हैं, जिन्हें बाहर निकालने की कोशिश चल रही है। खुशी मार्ट नामक यह दुकान मारवाड़ी मोहल्ले में एक तीन मंजिली इमारत में स्थित है। निचले तल पर दुकान चलती है, जबकि ऊपर के दो मंजिल पर दुकान मालिक दिनेश डालमिया और उनके परिवार के लोग रहते हैं।बताया गया कि सोमवार करीब तीन बजे दुकान से आग की लपटें उठने लगीं। दुकान की ऊपरी मंजिल पर रहने वाले लोगों को इसका पता तब चला, जब धुएं का गुबार उनके कमरों तक पहुंचा। उनकी चीख-पुकार से आस-पास के लोगों की नींद खुली और इसके बाद आग बुझाने का प्रयास शुरू हुआ। घर में मौजूद छह लोगों में से चार को सुरक्षित निकाल लिया गया, लेकिन एक महिला और एक बच्ची फंसी रह गई।आग में कपड़े की दुकान पूरी तरह स्वाहा हो गई है। ऊपरी तल पर स्थित घर के कीमती सामान भी नष्ट हो गए हैं। सूचना मिलते ही पचंबा थाना पुलिस और दमकल की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं। आग इतनी भयावह है कि इसे बुझाने में दमकल की कई गाड़ियां लगाई गई हैं।

## विदेशी में जाकर भारतीय संस्थाओं का अपमान राहुल गांधी की पहचान बन गया है : शहजाद पूनावाला

नई दिल्ली (आरएनएस)। भाजपा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर अपने विदेशी दौरों के दौरान भारत की आलोचना करने का आरोप लगाया है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि राहुल गांधी बार-बार भारत की संस्थाओं को कमजोर करने का काम करते हैं।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, राहुल गांधी एक राजनीतिक दल के साथ अपने निजी मुद्दों के कारण विदेशी धरती पर भारत की आलोचना करते रहते हैं। इस बार उन्होंने एक बार फिर चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। जहां दुनिया आम चुनावों और जम्मू-कश्मीर में उल्लेखनीय काम के लिए चुनाव आयोग की प्रशंसा करती है, वहीं राहुल गांधी



बार-बार भारत की संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। वह पहले ही कह चुके हैं कि वह इंडियन स्टेट से लड़ रहे हैं, फिर वह विदेश जाते हैं और भारत की संस्थाओं पर भी हमला करते हैं। भारत की संस्थाओं का अपमान राहुल गांधी की पहचान बन गया है।

उन्होंने आगे कहा, राहुल गांधी कहते हैं कि लोकतंत्र खत्म हो गया है। अमेरिका और ब्रिटेन को हस्तक्षेप करना चाहिए। वह कहते हैं कि न्यायपालिका और चुनाव आयोग ठीक से काम नहीं कर रहा है, लेकिन जब चुनाव आयोग ऐसा चुनाव करवाता है, जिसमें राहुल गांधी की पूरी पार्टी जीत जाती है, तब उन्हें कोई समस्या नहीं होती। जब न्यायपालिका राहुल गांधी को राहत देने वाला फैसला देती है, तब वह ठीक है। अन्यथा, वे सब खत्म हो चुके हैं और लोकतंत्र खतरे में है। यह संविधान के प्रति सशर्त प्रतिबद्धता दिखाता है और यह भी दर्शाता है कि मोदी विरोध में राहुल गांधी किसी भी हद तक गिर सकते हैं। वे संवैधानिक संस्थाओं, यहां तक कि सेना पर भी सवाल उठा सकते हैं।

## करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या, सिर पर लगी थी गोली; हाथ में थी पिस्तौल

जमशेदपुर (आरएनएस)। झारखंड के जमशेदपुर में एक चौंकाने वाली वारदात सामने आई है। बीते दिन रविवार शाम को करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनका शव बालीगुमा इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-33 के पास से बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, विनय सिंह रविवार सुबह से ही लापता थे और परिजनों ने उनकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर तलाश शुरू की और बालीगुमा क्षेत्र में एक खेत के पास से उनका शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि विनय सिंह के सिर पर गोली का निशान था और उनके बाएं हाथ में एक पिस्तौल भी मिली है। मौके से उनकी स्कूटी और मोबाइल भी बरामद किया गया है। प्रारंभिक जांच में हत्या के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। पुलिस इसे आत्महत्या या सुनियोजित हत्या दोनों दृष्टिकोण से देख रही है। जमशेदपुर पुलिस ने बताया कि अज्ञात हमलावरों ने 46 वर्षीय विनय सिंह पर उस समय गोलीबारी की जब वे कुछ अन्य लोगों के साथ घर लौट रहे थे। गोली लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद हमलावर फरार हो गए।

## 10 साल से लापता बलात्कार पीड़िता कोर्ट पहुंची, गवाही पर आरोपी को आजीवन कारावास, सरकार देगी 15 लाख का मुआवजा



चेन्नई (आरएनएस)। फिल्मों में अक्सर देखा जाता है कि पीड़ित या गवाह को सुरक्षा देकर कोर्ट में पेश किया जाता है ताकि न्याय मिल सके। लेकिन चेन्नई में बलात्कार के एक मामले में यह हकीकत बन गया। यहां दस साल पहले हुए एक रेप केस की सुनवाई चल रही थी, जब अचानक दस साल से लापता चल रही पीड़िता कोर्ट में पेश हुई और 12 साल की उम्र में अपने साथ हुई हैवानियत की दर्दनाक कहानी बयां की। पीड़िता की साहसिक गवाही के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और सरकार को पीड़ित को 15 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है।

यह चौंकाने वाली घटना साल 2015 की है। उस वक्त 12 साल की एक मासूम बच्ची चेन्नई में अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहती थी। मकान मालिक के 41 वर्षीय दामाद अब्बास अली की उस बच्ची पर बुरी नज़र थी। 7 फरवरी 2015 को अब्बास अली ने बच्ची का अपहरण कर लिया और उसे चेन्नई से करीब 400 किलोमीटर दूर डिंडीगुल ले गया। वहां एक होटल में उसने बच्ची के साथ बलात्कार किया और फिर उसे वहीं छोड़कर फरार हो गया।

इधर, चेन्नई में बच्ची के परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। दो दिन बाद किसी तरह बच्ची अपने घर पहुंची और अपनी मां को आपबीती सुनाई। मां ने बच्ची को लेकर तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन इसके बाद कुछ ऐसा हुआ जो इस केस को जटिल बना गया।

आरोपी से जान का खतरा महसूस होने पर परिवार ने चेन्नई छोड़ दिया। बच्ची और उसकी मां एक गांव में जाकर रहने लगीं, लेकिन आरोपी अब्बास अली ने उन्हें वहां भी ढूंढ निकाला और वापस चेन्नई जाने या कोर्ट में गवाही देने पर जान से मारने की धमकी दी। मां-बेटी जैसे-तैसे वहां से भी निकलीं। अपनी रोज़मर्रा की ज़रूरतें पूरी करने के लिए दोनों मां-बेटी मज़दूरी करने लगीं और छिपकर रहने लगीं। इस बीच, चेन्नई कोर्ट में यह केस चलता रहा और राज्य की ऑल वुमन पुलिस (All Woman Police) लगातार उनकी तलाश करती रही। आखिरकार, पिछले साल पुलिस मां-बेटी को ढूंढने में कामयाब हो गई। सरकारी वकील अनीता ने बताया कि बच्ची को पूरी सुरक्षा के साथ चेन्नई लाया गया और कोर्ट में पेश किया गया। अब 22 साल की हो चुकी पीड़िता शुरुआत में अपनी आपबीती बताने में झिझक रही थी, लेकिन फिर उसने 12 साल की उम्र में अपने साथ हुई उस भयानक दरिंदगी को पूरी हिम्मत से कोर्ट के सामने बयान किया।

## उत्तराखंड : चारधाम यात्रा के लिए 19 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने कराया रजिस्ट्रेशन

देहरादून (आरएनएस)। उत्तराखंड में 30 अप्रैल से चारधाम यात्रा का शुभारंभ होने जा रहा है। इस यात्रा के शुरू होने से पहले ही लाखों यात्रियों ने रजिस्ट्रेशन करा लिया है। जानकारी के अनुसार, चारधाम यात्रा के लिए अब तक 19 लाख से अधिक यात्रियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के लिए 3-3 लाख से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है, जबकि केदारनाथ के लिए सबसे अधिक रजिस्ट्रेशन हुआ है। केदारनाथ के लिए अब तक लगभग 6 लाख 48 हजार से ज्यादा लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन किया है। इसके अलावा, बदरीनाथ धाम के लिए 5 लाख 74 हजार से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन किया है।

इतना ही नहीं, हेमकुंड साहिब जाने के लिए भी 32 हजार से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन किया है। चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में अभी से ही उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले रजिस्ट्रेशन कराएं और सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि यात्रा सुचारू रूप से संपन्न हो सके।इस बीच, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद नियमित तौर पर चारधाम की तैयारियों का जायजा ले रहे हैं।

सीएम धामी ने बीते दिनों देहरादून में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में चारधाम यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया था। उन्होंने बताया था, हमारा लक्ष्य है कि उत्तराखंड आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को बिना किसी परेशानी के चारधाम के दर्शन कराए जाएं। इसके लिए यात्रा से जुड़े सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ लगातार संवाद किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा था कि चारधाम यात्रा उत्तराखंड की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस यात्रा को और सरल बनाने के लिए अगर कोई अतिरिक्त कार्य करने की आवश्यकता होगी, तो उसे तत्काल पूरा किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की कमी न रहे और श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव प्रदान किया जाए।

## अब दिल्ली में ट्रिपल इंजन की सरकार बनना तय, मेयर चुनाव नहीं लड़ेगी आम आदमी पार्टी



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के मेयर पद का चुनाव न लड़ने का ऐलान करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को राज्य, केंद्र और नगर निगम में 'ट्रिपल सरकार' का रास्ता साफ कर दिया है।

सोमवार को दिल्ली की पूर्व मंत्री आतिशी और पार्टी के दिल्ली संयोजक सौरभ भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह घोषणा की। आतिशी ने कहा कि भाजपा के पास एमसीडी में बहुमत है और आम आदमी पार्टी किसी भी प्रकार की खरीद-फरोख्त या तोड़फोड़ की राजनीति में शामिल नहीं होना चाहती। आतिशी ने कहा, अब जब भाजपा के पास दिल्ली की सत्ता के तीनों स्तर – केंद्र, राज्य और नगर निगम हैं, तो दिल्ली के लोगों से किए गए वादों को पूरा करना उनकी जिम्मेदारी है। हम देख रहे हैं कि अब तक एमसीडी के नाम पर बहाने बनाए जा रहे थे। अब वो बहाने खत्म हो गए हैं। उन्होंने कहा कि अब भाजपा को सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, सफाई और प्रदूषण जैसे मुद्दों पर ठोस काम करके दिखाना होगा। आप पार्टी इन तमाम मुद्दों पर एमसीडी में एक मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएगी। आम आदमी पार्टी ने यह भी स्पष्ट किया कि वो मेयर चुनाव में उतरती तो बहुमत साबित करने के लिए पार्षद तोड़ने या खरीदने जैसे हथकंडों का सहारा लेना पड़ता, जो पार्टी के सिद्धांतों के खिलाफ है। इसलिए पार्टी ने संवैधानिक और नैतिक दृष्टिकोण से पीछे हटने का फैसला किया है।

# अलाया एफ का बोल्ड वीडियो इंटरनेट पर मचा रहा तहलका, फैंस बोले - हॉटनेस ओवरलोड



अलाया एफ का बोल्ड अवतार एक बार फिर इंटरनेट पर छा गया है. एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो बिकिनी टॉप और बैगी डेनिम्स में नजर आ रही हैं. कैमरे के सामने उनका कॉन्फिडेंस, एटीट्यूड और बोल्डनेस देख फैंस के दिलों की धड़कनें तेज हो गई हैं. इस वीडियो को पोस्ट करते हुए अलाया ने लिखा, यह वीडियो मेरे ड्राफ्ट में धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा कर रहा है. लेकिन जैसे ही ये वीडियो लाइव हुआ, फैंस ने कमेंट्स और लाइक्स की बौछार कर दी. किसी ने उन्हें दिल चुराने वाला कहा, तो कोई उनकी हॉटनेस का दीवाना हो गया.वीडियो में अलाया एफ का स्टाइल और एक्सप्रेशंस बेहद कातिलाना हैं. उन्होंने इस लुक में अपनी फिटनेस और फैशन सेंस को जबरदस्त अंदाज में फ्लॉन्ट किया है. मनीषी छिल्लर समेत कई सेलेब्स ने इस पोस्ट को लाइक किया है. वर्कफ्रंट की बात करें तो अलाया एफ अपनी परफॉर्मेंस और फैशन चॉइस के चलते लगातार सुर्खियों में बनी रहती हैं. यह वीडियो एक बार फिर साबित करता है कि वो ग्लैमर वर्ल्ड की अगली सेंसेशन बनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं.अगर आपको ये वीडियो अभी तक नहीं देखा है, तो अलाया के इंस्टाग्राम पर जाकर जरूर देखें –यह वीडियो आपके दिन को और भी हॉट बना देगा.

### कपिल शर्मा की फिल्म किस किसको प्यार करूं 2 का नया पोस्टर जारी, पारंपरिक ईसाई विवाह के लिए तैयार होकर आए अभिनेता

कपिल शर्मा ने एक बार फिर अपने फैन्स को 'किस किस को प्यार करूं 2' के चौथे पोस्टर से सरप्राइज दिया है। इस बार, वह एक पारंपरिक ईसाई विवाह के लिए तैयार होकर आए हैं और उनके साथ एक रहस्यमयी दुल्हन भी है। शानदार टक्सीडो पहने कपिल एक नया कॉमेडी अनुभव लेकर आए हैं जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

फेरों से लेकर वचनों तक, कपिल की जटिल प्रेम कहानी विवाह के विभिन्न पहलुओं को दर्शाती है। प्रत्येक पोस्टर में एक नई रहस्यमयी दुल्हन और एक नई चुनौती को दर्शाया गया है, जो इस वर्ष एक और हास्यपूर्ण अनुभव के लिए मंच तैयार कर रहा है।

ï केकेपीके2 एक शानदार शादी कॉमेडी होने का वादा करता है, जिसमें कपिल का किरदार अब एक बहुसांस्कृतिक वैवाहिक उलझन में फंस गया है!

# आज के युवा पीढ़ी पारंपरिक भारतीय परिधानों को कम महत्व देती है : अविका गोर

अभिनेत्री अविका गौर का मानना है कि साड़ी या सलवार कमीज जैसे भारतीय परिधानों को पहनना, विशेष रूप से युवा पीढ़ी के बीच, बहुत कम महत्व दिया जाता है।

अविका ने कहा, मुझे लगता है कि साड़ी या सलवार कमीज जैसे पारंपरिक भारतीय परिधानों को पहनना बहुत कम आंका जाता है, खासकर युवा पीढ़ी के बीच। मुंबई या हैदराबाद जैसे शहरों में, मैं शायद ही युवाओं को हमारी संस्कृति के इस हिस्से को अपनाते हुए देखती हूं।

साड़ियाँ बहुत खूबसूरत होती हैं, और यह देखना अच्छा लगेगा कि ज़्यादा से ज़्यादा लोग उन्हें कैज़ुअली पहने हुए हैं – यहाँ तक कि एयरपोर्ट पर भी। थोड़ा सा काजल और बिंदी लगाएँ, और आपका लुक शानदार हो जाएगा। मुझे उम्मीद है कि ज़्यादा से ज़्यादा युवा लोग इसमें खूबसूरती देखना शुरू करेंगे.बालिका वधू में आनंदी की भूमिका निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री, जिसके लिए उन्हें 2009 में राजीव गांधी पुरस्कार मिला था, फैशन के मामले में कालातीत क्लासिक्स को प्राथमिकता देती हैं।कारण बताते हुए अविका ने कहा कि क्योंकि वे कालातीत हैं, इसका मतलब है कि उन्हें पीढ़ियों से पसंद किया जाता रहा है। उन्हें चुनने में निश्चितता और सहजता की भावना होती है।उन्होंने आगे कहा, अक्सर रुझानों को अपनाने के लिए बहुत प्रयास करने पड़ते हैं और गलत होने का जोखिम भी रहता है।



लेकिन क्लासिक्स के मामले में कोई झिझक या संदेह नहीं होता – वे बस काम करते हैं। मैं इसी में विश्वास करती हूं।2007 में अविका ने शश्श्श...कोई है से हिंदी टेलीविजन पर डेब्यू किया था। उन्होंने 2013 में उय्याला जम्पला के साथ टॉलीवुड में अपनी फिल्मी शुरुआत की। बालिका वधू में अपने काम से प्रसिद्धि पाने के बाद, अभिनेत्री को ससुराल सिमर का जैसे शो और 1920: हॉरर्स ऑफ द हार्ट और ब्लडी इश्क जैसी फिल्मों में देखा गया था।पिछले कुछ सालों में उनकी शैली किस तरह विकसित हुई है? अविका ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो, स्क्रीन पर मुझे नहीं लगता कि मेरी कोई भूमिका है। मेरा लुक डिज़ाइनर, स्टाइलिस्ट और निर्देशकों द्वारा तय किया जाता है जो मेरे द्वारा निभाए जाने वाले किरदार की कल्पना करते हैं। इसलिए, आप जो स्टाइल देखते हैं वह किरदार का है, मेरा नहीं। लेकिन ऑफ-स्क्रीन, मैं निश्चित रूप से विकसित हुई हूं। मैंने सीखा है कि आराम को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मैंने अपनी खुद की पसंद को भी अपनाना शुरू कर दिया है – जैसे कि यह जानना कि लाल रंग की ड्रेस मुझे काले रंग की ड्रेस से बेहतर लगेगी। किसी ऐसे आउटफिट को नहीं कहना जो मुझे सही नहीं लगता, ऐसा कुछ है जो मैं पहले कभी नहीं करती थी, और यह एक ऐसा व्यक्तिगत विकास है जिसकी मैं वास्तव में खुद में प्रशंसा करती हूं।

# रेड 2 का गाना तुम्हे दिल्लगी हुआ रिलीज, अजय देवगन और वाणी कपूर की दिखी दिल को छू लेने वाली केमिस्ट्री




रेड 2 के निर्माताओं ने बेसब्री से प्रतीक्षित अपना नया गाना 'तुम्हे दिल्लगी' लॉन्च कर दिया है –जो कि दिग्गज नुसरत फतेह अली खान के इस प्रतिष्ठित क्लासिक गाने का एक भावपूर्ण रीमेक है। संगीतकार रोचक कोहली द्वारा फिर से तैयार किए गए और जुबिन नौटियाल की शानदार आवाज़ के ज़रिए जीवंत किए गए इस गाने में मनोज मुंतशिर और पूर्णम इलाहाबादी के मार्मिक बोल हैं, जो एक गहरी भावनात्मक अंतर्धारा को पकड़ते हैं जो फिल्म के विश्वास, लालसा और छिपी हुई सच्चाइयों के विषयों को दर्शाता है।

एक जीवंत उत्सव की पृष्ठभूमि में सेट किया गया यह गाना फिल्म में एक कोमल अंतराल प्रदान करता है –जो अजय देवगन और वाणी कपूर के बीच बढ़ते संबंध को उजागर करता है। यह क्षण गर्मजोशी और अंतरंगता का एहसास कराता है, लेकिन यह अजय के चरित्र द्वारा सामना किए जाने वाले आंतरिक उथल-पुथल का सूक्ष्म संकेत देता है, क्योंकि उसकी दुनिया के दूसरे हिस्से में चुपचाप तूफ़ान आ रहा है।


जुबिन नौटियाल कहते हैं, तुम्हें दिल्लगी हमेशा से उन सदाबहार गीतों में से एक रहा है जो मेरे साथ रहा है। बचपन में, फिर एक लड़के के रूप में और अब एक आदमी के रूप में मैं अभी भी नुसरत साहब के इस सदाबहार जादू का आनंद ले रहा हूँ। इस संस्करण में तड़प की एक गहरी भावना है जिसे मैंने हर नोट के माध्यम से व्यक्त करने की कोशिश की है। यह दो लोगों के बीच की खामोशी, उन भावनाओं को बयां करता है जो अनकही रह जाती हैं। एक ऐसे गीत को फिर से बनाना जिसे मैं लंबे समय से पसंद करता रहा हूँ, एक विशेषाधिकार और चुनौती दोनों था –अपनी आवाज़ के साथ इसकी आत्मा को थामे रखना।संगीतकार रोचक कोहली कहते हैं, तुम्हें दिल्लगी जैसे क्लासिक को फिर से कल्पना करना जिम्मेदारी की भावना के साथ आया। मूल फिल्म में बहुत भावनात्मक भार है, और मेरा उद्देश्य इसे सम्मान देना था, साथ ही इसे एक ऐसा स्वरूप देना था जो रेड 2 की 80/90 के दशक की दुनिया में फिट हो। यह पुरानी यादों को सिनेमाई संदर्भ के साथ मिलाने के बारे में है जो ताज़ा लगता है,

## *केसरी चैप्टर 2 बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 2: दूसरे दिन बढ़ी रफ्तार, जाट पर भारी पड़ी अक्षय कुमार की फिल्म*

*क्षय कुमार, आर माधवन और अनन्या पांडे की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म केसरी चैप्टर 2: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ जलियांवाला बाग इस साल की सबसे प्रतीक्षित रिलीज में से एक है. यह फिल्म गुड फ्राइडे के मौके पर 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई. हालांकि शुक्रवार को फिल्म ने सिंगल डिजिट में कमाई की. आइए रिलीज के दूसरे दिन केसरी चैप्टर 2: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ जलियांवाला बाग के कलेक्शन ग्राफ पर एक नजर डालते हैं.केसरी 2, जो 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड की अनकही कहानी को बयां करती है, को काफी हद तक सकारात्मक समीक्षा मिली है. सकारात्मक समीक्षाओं के साथ केसरी चैप्टर 2 ने पहले दिन भारतीय बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की और 2025 की 5वीं सबसे बड़ी ओपनर फिल्म बनकर उभरी.हालांकि, यह विक्की कौशल की छावा (31 करोड़ रुपये) , सिकंदर (11.6 करोड़ रुपये), स्काई फोर्स (12.25 करोड़ रुपये) और जाट (9.5 करोड़ रुपये) के ओपनिंग कलेक्शन को पीछे नहीं छोड़ पाई, लेकिन इसने देवा (5.5 करोड़ रुपये), आजाद (1.5 करोड़ रुपये), लवयापा (1.15 करोड़ रुपये), इमरजेंसी(2.5 करोड़ रुपये), फतेह (2.4 करोड़ रुपये), क्रेजी (1 करोड़ रुपये), सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव (50 लाख रुपये), मेरे हसबैंड की बीवी (1.5 करोड़ रुपये), द डिप्लोमैट (4 करोड़ रुपये) और बैडएस रवि कुमार (2.75 करोड़ रुपये) जैसी फिल्मों को पछाड़ने में सफल रही.*

## देशभक्ति, प्यार और हिम्मत से भरे गानों के साथ ग्राउंड जीरो का ज्यूकबॉक्स हुआ आउट

इमरान हाशमी की अपकमिंग एक्शन फिल्म ग्राउंड जीरो को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ती जा रही है. दमदार ट्रेलर और जबरदस्त पोस्टर्स के बाद अब इस फिल्म को लेकर दर्शकों की उम्मीदें अपने पीक पर हैं. ग्राउंड जीरो एक ऐसी कहानी लेकर आ रही है, जो भारत की हिम्मत, इज्जत और शान के एक अनकहे अध्याय को सामने लाएगी.




ये वाकई एक ऐतिहासिक पल है, क्योंकि ग्राउंड जीरो की श्रीनगर में ऐतिहासिक प्रीमियर हुआ है, जो इंडियन सिनेमा के लिए एक अनोखा और पहली बार होने वाला मौका है. इस खास दिन को और यादगार बनाते हुए मेकर्स ने ग्राउंड जीरो का ज्यूकबॉक्स भी रिलीज कर दिया है, जो फिल्म की इमोशनल और थीमेटिक झलक को और गहराई से महसूस करने का मौका देता है.


देशभक्ति, प्यार, जीत और हौसले जैसे जज़्बातों से भरे गानों के साथ ग्राउंड जीरो का ज्यूकबॉक्स एक दिल को छू लेने वाला म्यूजिकल एक्सपीरियंस लेकर आया है. हर गाना फिल्म की कहानी से जुड़े जज़्बातों को खूबसूरती से बयां करता है.

ग्राउंड जीरो का ज्यूकबॉक्स चार अलग-अलग ट्रैक्स के साथ एक पूरा देशभक्ति से लेकर प्यार, जीत से लेकर जज़्बे तक इमोशनल सफर पेश करता है. सो लेने दे को जुबिन नौटियाल और अफसाना खान ने अपनी शानदार आवाज दी है, जिसकी कंपोजिंग तनिष्क बागची और आकाश राजन ने की है और बोल लिखे हैं वायु ने.

पहली दफा को विशाल मिश्रा ने बड़े ही जज़्बातों के साथ गाया है, जिसमें इरशाद कामिल के दिल को छू लेने वाले बोल हैं और म्यूजिक दिया है रोहन-रोहन की जोड़ी ने. फतेह एक हाई-एनर्जी एंथम है, जिसे दिव्या कुमार ने गाया है, संगीत है सनी इंदर का और बोल लिखे हैं कुमार ने और ये ट्रैक ताकत और हिम्मत की कहानी सुनाता है. लहू, सोनू निगम की दमदार आवाज में एक इमोशनल मास्टरपीस है, जिसे तनिष्क बागची ने कंपोज किया है और रश्मि विराग ने लिखा है. कहना गलत नहीं होगा की हर गाना फिल्म की कहानी को और गहराई से महसूस कराने वाला है.

## कुबेर के गाने पोइरा मामा से शुरू हुआ फिल्म का प्रमोशन, धनुष ने तेलुगु गाने को दी आवाज

साउथ अभिनेता धनुष की आगामी फिल्म कुबेर का पहला गाना पोइरा मामा रिलीज हो चुका है, जिसमें धनुष का डांस देखकर फैंस अपनी प्रतिक्रिया लगातार दे रहे हैं। इस गाने को एक साथ कई भाषाओं में रिलीज किया गया है।



कुबेर के निर्देशक शेखर कम्मुला हैं। इस फिल्म में धनुष के अलावा अक्किनेनी नागार्जुन भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। वहीं इसके पहले गाने पोइरा मामा को धनुष ने अपनी आवाज से सजाया है।

टीम ने आधिकारिक तौर पर पहले सिंगल पोइरा मामा की रिलीज के साथ फिल्म का प्रमोशन शुरू कर दिया है। धनुष ने गाने पोइरा मामा को खुद तेलुगु भाषा में गाकर फैंस को खुश कर दिया है। इस गाने को देवी श्री प्रसाद ने तैयार किया है। इस गाने के बोल को भास्कर भटला ने लिखा है। इस गाने की गंभीर थीम के बावजूद, यह ट्रैक फैंस को पसंद आ रहा है। इस गाने को जानी मास्टर ने कोरियोग्राफ किया है।

# गर्मियों के दौरान पहनें ऐसे सनग्लासेस, दिखेंगी बेहद आकर्षक



सनग्लासेस न केवल आंखों को सूरज की हानिकारक किरणों से बचा सकते हैं, बल्कि गर्मियों के दौरान स्टाइलिश दिखने में भी मदद कर सकते हैं।इसही सनग्लासेस का चयन करना जरूरी है ताकि आप आरामदायक महसूस करें और साथ ही आपके लुक में चार चांद लग जाएं।

आइए कुछ ऐसे सनग्लासेस के बारे में जानते हैं, जो इस मौसम के लिए बेहतरीन हैं और आपको भीड़ से अलग दिखाएंगे।

### बड़े फ्रेम वाले सनग्लासेस

बड़े फ्रेम वाले सनग्लासेस इस गर्मी के मौसम में काफी चलन में हैं। ये न केवल आपके चेहरे को अच्छी तरह से ढकती हैं, बल्कि धूप से भी आपकी आंखों को बचाती हैं।

इनका चयन करते समय ध्यान रखें कि फ्रेम का रंग और डिजाइन आपके कपड़ों से मेल खाता हो ताकि आपका लुक पूरा हो सके।

बड़े फ्रेम वाले सनग्लासेस खासतौर पर उन लोगों के लिए बेहतरीन होती हैं, जो लंबे समय तक धूप में रहते हैं।

### रंग-बिरंगे लेंस वाले सनग्लासेस

रंग-बिरंगे लेंस वाले सनग्लासेस इस साल बहुत लोकप्रिय हो रही हैं। ये न केवल देखने में आकर्षक लगती हैं, बल्कि आंखों को भी अलग-अलग रंगों की रोशनी से बचाती हैं।

नीला, हरा, पीला आदि रंगों के लेंस आपके लुक को खास बना सकते हैं। इन लेंस वाले सनग्लासेस को पहनकर आप किसी भी मौके पर अलग और स्टाइलिश दिख सकती हैं।

इसके अलावा ये लेंस आपकी आंखों को आरामदायक महसूस करवाते हैं और धूप से बचाते हैं।

### मोटे फ्रेम वाले सनग्लासेस

मोटे फ्रेम वाले सनग्लासेस इस मौसम का एक खास हिस्सा बन गए हैं। ये न केवल मजबूत होते हैं बल्कि बहुत ही स्टाइलिश भी दिखते हैं।

इनके फ्रेम्स में गोल, चौकोर और आयताकार तीनों ही आकार उपलब्ध होते हैं, जो किसी भी चेहरे पर अच्छे लगते हैं।

इन चश्मों को आप रोजमर्रा की जिंदगी में या खास मौकों पर पहन सकती हैं। मोटे फ्रेम वाले सनग्लासेस आपके लुक को खास बनाते हैं।

### कैट-आई शेप वाले सनग्लासेस

कैट-आई शेप वाले सनग्लासेस हमेशा से ही फैशन में रहे हैं और इस बार भी यह पीछे नहीं हटे हैं। इनका अनोखा डिजाइन आपके चेहरे को एक अलग ही आकर्षण देता है। कैट-आई शेप वाले सनग्लासेस खासतौर पर महिलाओं के बीच लोकप्रिय हैं क्योंकि ये उन्हें एक ग्लैमरस लुक देते हैं।

इन्हें आप किसी भी अवसर पर पहन सकती हैं, चाहे वह रोजमर्रा की जिंदगी हो या कोई खास पार्टी।

### बड़े गोल आकार वाले सनग्लासेस

अगर आप कुछ नया आजमाना चाहती हैं तो बड़े गोल आकार वाले सनग्लासेस आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं।

ये न केवल देखने में अलग लगते हैं बल्कि बहुत ही आरामदायक भी होते हैं। इनका आकार हर प्रकार के चेहरे पर अच्छे लगते हैं और इन्हें आप किसी भी मौके पर पहन सकती हैं।

बड़े गोल आकार वाले सनग्लासेस आपके लुक को खास बनाते हैं और आपको भीड़ से अलग दिखाते हैं।

# बच्चों को गले लगाने से सुधर सकता है उनका भविष्य, अध्ययन में सामने आए कारण

***बचपन में बच्चों के साथ जिस तरह का व्यवहार किया जाता है, आगे चलकर उसी से उनका व्यक्तित्व तय होता है। जो बच्चे प्यार और स्नेह के बीच बड़े होते हैं, वे अधिक खुशमिजाज होते हैं। वहीं, जिन बच्चों के माता-पिता का बर्ताव सख्त होता है, वे चिड़चिड़े और गुस्से वाले बन जाते हैं।अब एक नए अध्ययन के जरिए खुलासा हुआ है कि जिन बच्चों की मां उन्हें बचपन में ज्यादा गले लगाती हैं, वे ज्यादा जिम्मेदार होते हैं।***

### जुड़वा बच्चों पर किया गया यह अध्ययन

इस अध्ययन को यूनाइटेड किंगडम में पूरा किया गया था। इसके लिए शोधकर्ताओं ने 2,232 जुड़वां बच्चों पर प्रयोग किया था।

इन बच्चों पर जन्म से लेकर 18 साल की आयु तक नजर रखी गई थी। इसका कारण यह था कि एक जैसे दिखने वाले जुड़वा बच्चों का केवल डीएनए ही नहीं, बल्कि व्यवहार भी समान होता है।

उनके बीच फर्क सिर्फ इतना था कि उन्हें अपनी मां से कितना स्नेह मिलता था।

### स्नेह पाकर बड़े हुए बच्चे होते हैं अधिक खुशहाल

शोध से पता चला कि जिन जुड़वा बच्चों को ज्यादा गले लगाया गया, वे बड़े हो कर दयालु, देखभाल करने वाले, व्यवस्थित और विश्वसनीय बने।

ऐसे बच्चे जिंदगी में ज्यादा खुश रहते हैं और लोगों से रिश्ते भी बना पाते हैं। स्नेह पाकर बड़े होने वाले बच्चों के रिश्ते मजबूत होते हैं और उन्हें बेहतर नौकरियां भी मिल जाती हैं।

इसका कारण है कि वे औरों से बात करना, रिश्ते बनाना और अच्छा व्यवहार करना सीख जाते हैं।

### मां का गले लगाना बच्चों में लाता है ये गुण

इस अध्ययन के लेखक जैस्मीन वर्ट्ज ने कहा, हमारे निष्कर्ष बताते हैं कि बचपन में सकारात्मक वातावरण को बढ़ावा देने से बच्चों के विकास



पर महत्वपूर्ण और स्थायी प्रभाव पड़ सकता है।

अध्ययन में पाया गया कि मां के प्रेम से बच्चों में ज्यादा खुलापन, कर्तव्यनिष्ठा और सहमति आती है। खुलापन रचनात्मकता से संबंधित है, कर्तव्यनिष्ठा जिम्मेदारी से संबंधित है और सहमति सहयोग और सहानुभूति से संबंधित है।ये गुण शैक्षिक उपलब्धि और कैरियर की सफलता को प्रभावित करते हैं।

### कुछ लक्षणों में नहीं आया कोई खास बदलाव

शोधकर्ताओं ने अध्ययन के बाद पाया कि मां के स्नेह के जरिए सभी लक्षणों में बदलाव नहीं आते हैं। बचपन में गले लगाने से बच्चों की सामाजिकता या भावनात्मक स्थिरता में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं आया था।

इससे पता चलता है कि ये गुण जेनेटिक कारकों द्वारा निर्धारित हो सकते हैं, न की मां और बच्चे के रिश्ते के जरिए।

शोधकर्ताओं ने यह भी सुनिश्चित किया कि बच्चों का व्यक्तित्व उनके माता-पिता के उनके साथ व्यवहार को प्रभावित न करे।

# स्वीकार नहीं करेंगे, देंगे कड़ा जवाब'ज्चीन की अमेरिका से व्यापार समझौता करने वाले देशों को सख्त चेतावनी



बीजिंग ( आरएनएस)। अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापार युद्ध (टैरिफ वॉर) गहराता जा रहा है। इसी कड़ी में चीन ने अब अन्य देशों को कड़ी चेतावनी दी है। चीन ने साफ कहा है कि अगर कोई भी देश अमेरिका के साथ ऐसा व्यापार समझौता करता है जो चीन के हितों के खिलाफ हो, तो उसे बीजिंग स्वीकार नहीं करेगा और इसके खिलाफ कड़े जवाबी कदम उठाए जाएंगे।

चीन की यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब खबरें हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन दुनिया के कई देशों पर इस बात का दबाव बना रहा है कि यदि वे अमेरिका से टैरिफ में छूट चाहते हैं, तो उन्हें चीन के साथ अपने व्यापार को सीमित करना होगा।

गौरतलब है कि राष्टपति ट्रंप ने दुनिया भर के उत्पादों पर 10% तक का सामान्य टैरिफ लगाया है, लेकिन चीन से आने वाले सामानों के लिए यह दर बढ़ाकर 245% तक कर दी गई है। इसके जवाब में चीन ने भी अमेरिका से आयात होने वाले उत्पादों पर 125% तक का शुल्क लगा रखा है। अमेरिका की इस व्यापार नीति से वैश्विक व्यापार संकट में घिर गया है और मंदी की आशंका भी बढ़ गई है।

चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा, कोई भी देश अगर चीन के हितों की अनदेखी करके अमेरिका के साथ कोई बड़ा सौदा करता है, तो ऐसा रवैया अंततः दोनों पक्षों के लिए हानिकारक ही साबित होगा।

बयान में बीजिंग ने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह अपने व्यापारिक साझेदारों पर टैरिफ थोप रहा है और 'बदले की कार्रवाई वाले शुल्क' पर बातचीत के नाम पर उन्हें धमका रहा है। मंत्रालय ने दो टूक शब्दों में कहा कि चीन अपने वैध अधिकारों की रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है और इस 'लड़ाई' को आखिर तक लड़ेगा।

हालांकि, अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप का दावा है कि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार को लेकर बातचीत चल रही है। उन्होंने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा, हां, हम चीन से बात कर रहे हैं। मुझे लगता है कि हम चीन के साथ एक बहुत अच्छा समझौता करने वाले हैं।

## अमेरिका में ट्रम्प के खिलाफ फिर उबाल, सभी 50 राज्यों में प्रदर्शन; व्हाइट हाउस और टेस्ला शोरूमों का घेराव

न्यूयॉर्क ( आरएनएस) । अमेरिका में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ जनता का गुस्सा एक बार फिर सड़कों पर फूट पड़ा। शनिवार को देशभर के सभी 50 राज्यों में हजारों लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन को '50501 आंदोलन' नाम दिया गया है, जिसका मतलब है—50 राज्य, 50 प्रदर्शन, 1 आंदोलन।




प्रदर्शनकारियों ने ट्रम्प की टैरिफ वॉर नीति, अप्रवासी विरोधी रुख और सरकारी नौकरियों में छंटनी का विरोध करते हुए राजधानी वॉशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस और देशभर में टेस्ला शोरूमों का घेराव किया। आंदोलनकारियों का आरोप है कि ट्रम्प नागरिक अधिकारों और कानून के शासन को कुचलने का प्रयास कर रहे हैं।प्रदर्शनों का यह दूसरा बड़ा दौर है। इससे पहले 5 अप्रैल को भी देशव्यापी विरोध हुआ था। इस बार प्रदर्शनकारियों का गुस्सा कारोबारी इलॉन मस्क पर भी फूटा, जिनकी दक्षता टीम सरकारी विभागों में भारी छंटनी कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अब तक हजारों सरकारी कर्मचारी अपनी नौकरियों से हाथ धो चुके हैं।डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ वॉर पॉलिसी के चलते अमेरिका में आयातित वस्तुएं महंगी हो गई हैं। इससे आम उपभोक्ताओं की जेब पर सीधा असर पड़ा है। लोग इन नीतियों को 'जनविरोधी' बता रहे हैं।इस बीच गैलप एजेंसी के ताजा सर्वे के अनुसार, ट्रम्प के मौजूदा कार्यकाल के शुरुआती तीन महीनों में सिर्फ 45% अमेरिकी वोटर्स उनके काम से संतुष्ट हैं।

## भाई की सगाई के लिए समय पर नहीं सिले कपड़े, शख्स ने दर्जी को कोर्ट में घसीटा

इस्लामाबाद (आरएनएस)। कराची में एक शख्स ने अपने दर्जी के खिलाफ अदालत का रुख किया है। दर्जी पर आरोप है कि उसने पारिवारिक समारोह के लिए दिए गए ऑर्डर को समय पर पूरा नहीं किया। शिकायतकर्ता ने मुआवजे की मांग की है। 'द न्यूज' की रिपोर्ट के अनुसार, मामला एक उपभोक्ता संरक्षण अदालत दर्ज किया गया है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसने अपने भाई की सगाई के लिए फैंसी पोशाक सिलने के लिए दर्जी को कपड़ा दिया था। दर्जी ने कई बार कपड़े तैयार करने का वादा किया और वह खुद भी बार-बार दुकान पर गया लेकिन उसका काम नहीं किया गया।

कराची निवासी, [जिसका नाम नहीं बताया गया], ने 1,00,000 रुपए का हर्जाना मांगा है, जिसमें अधूरे वादे के लिए 50,000 रुपए और काम पूरा न होने के कारण हुई मानसिक पीड़ा के लिए अतिरिक्त 50,000 रुपए का मुआवजा शामिल है। उसका यह भी कहना है कि दर्जी के काम न करने के वजह से उसे समारोह के लिए वैकल्पिक पोशाक खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ा।

मामले के विवरण के अनुसार, शिकायतकर्ता ने दिसंबर 2024 और जनवरी 2025 में तीन अलग-अलग मौकों पर बलूची कढ़ाई के काम के लिए दर्जी को कपड़ा दिया और अग्रिम भुगतान भी किया। दर्जी ने वादा किया कि सिले हुए कपड़े 20 फरवरी से पहले ही पहुंचा दिए जाएंगे ङ्क जिस दिन उस व्यक्ति के भाई की सगाई होनी थी।

हालांकि, कई बार दुकान पर जाने के बावजूद शिकायतकर्ता को ऑर्डर समय पर नहीं मिल सका। जब वह 10 फरवरी को कपड़े लेने गया तो दर्जी ने कहा कि काम नहीं हो सकता और उसने मजदूरों की अनुपलब्धता का हवाला दिया। यह सुनिश्चित करने के लिए कि काम ठीक से हो रहा है, शिकायतकर्ता दर्जी के पास रोजाना जाने लगा लेकिन उसे एहसास हुआ कि कपड़े अभी भी अछूते हैं, नतीजतन उसे पारिवारिक समारोह के लिए नया कपड़ा खरीदने पर अधिक पैसे खर्च करने पड़े।

## पाकिस्तान में हिंदू मंत्री पर हमला, पीएम शहबाज शरीफ ने दिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश

इस्लामाबाद ,( आरएनएस)। पाकिस्तान में हिंदुओं की सुरक्षा का मुद्दा हमेशा से एक संवेदनशील विषय रहा है। इस बीच, एक ऐसी घटना सामने आई है जिसने एक बार फिर इस मुद्दे को हवा दी है। सिंध प्रांत में नई नहरों की योजना के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों ने देश के धार्मिक मामलों के राज्य मंत्री खेल दास कोहिस्तानी पर हमला कर दिया। खेल दास कोहिस्तानी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (PML-N) के सांसद भी हैं।यह घटना शनिवार को तब हुई जब सांसद खेल दास कोहिस्तानी थट्टा जिले से गुजर रहे थे। इस दौरान, नई नहरों की योजना का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने उनके काफिले को रोक लिया और उस पर टमाटर और आलू फेंके। प्रदर्शनकारी पाकिस्तान सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी कर रहे थे। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि इस हमले में राज्य मंत्री कोहिस्तानी को कोई शारीरिक नुकसान नहीं पहुंचा है।घटना की सूचना मिलते ही पाकिस्तान सरकार हरकत में आ गई। रेडियो पाकिस्तान के अनुसार, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घटना के बाद खेल दास कोहिस्तानी को फोन किया और उन्हें इस घटना की गहन जांच का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री ने इस हमले को अस्वीकार्य बताया और कहा कि घटना में शामिल लोगों को कड़ी सजा दी जाएगी।सांसद खेल दास कोहिस्तानी पर हुए इस हमले की पाकिस्तान के कई प्रमुख नेताओं ने निंदा की है। सूचना मंत्री अत्ता तरार ने सिंध के पुलिस महानिरीक्षक (IGP) गुलाम नबी मेमन से घटना का विस्तृत ब्योरा मांगा है, और संघीय आंतरिक सचिव से भी रिपोर्ट तलब की है। सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह ने भी इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा है कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है।

## यमन की राजधानी पर अमेरिकी हवाई हमलों में 12 लोग मारे गए, 30 घायल : हूती

सना (आरएनएस) । यमन की राजधानी सना के एक बाजार पर अमेरिकी हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इस हमले में 30 लोग घायल भी हुए हैं। हूती के नियंत्रण वाले अल-मसीरा टीवी के मुताबिक, हवाई हमलों में सना के सबसे व्यस्त इलाकों में से एक शु'उब के पास स्थित फरवाह बाजार को निशाना बनाया गया। वहां अभी भी राहत और बचाव कार्य जारी है। टीमें मलबे के नीचे दबे लोगों और घायलों को तलाश रही हैं।समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने हूती मीडिया के हवाले से बताया कि ये हमले रविवार को सना और उसके आस-पास के कई इलाकों पर हुए बड़े अमेरिकी हवाई हमलों का हिस्सा थे। स्थानीय हूती स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, यह हमला उस घातक अमेरिकी हवाई हमले के कुछ दिन बाद हुआ है, जो गुरुवार देर रात पश्चिमी यमन के रास ईसा ईंधन बंदरगाह पर हुआ था। उस हमले में 80 लोग मारे गए थे, 170 लोग घायल हुए थे और ईंधन स्टोर करने वाली जगहों को भारी नुकसान पहुंचा था, जिससे ईंधन लाल सागर में फैल गया।हूती समूह और अमेरिकी सेना के बीच तनाव तब से बढ़ गया है, जब 15 मार्च को अमेरिका ने यमन में हूती ठिकानों पर दोबारा हवाई हमले शुरू किए। ये हमले इसलिए किए गए, ताकि हूती लड़ाकों को लाल सागर में इजरायल और अमेरिकी जहाजों पर हमले करने से रोका जा सके।

## सर्वे ने चौंकायाः कनाडा में ट्रूडो की पार्टी को मिल सकती है जीत, ट्रंप फैक्टर ने बदली हवा



ओटावा(ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति के तुगलकी फरमानों ने पूरी दुनिया में हलचल मचा दी है। यहां तक की चुनाव में भी इसका असर दिखाई देने लगा है। कनाडा में 28 मई को होने वाले आम चुनाव से पहले एक नया राजनीतिक समीकरण बनता दिखाई दे रहा है। ताजा सर्वेक्षणों के मुताबिक, जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी को कंजरवेटिव पार्टी पर बढ़त मिलती दिख रही है। लिबरल पार्टी की तरफ से इस बार पूर्व बैंकर और निवर्तमान प्रधानमंत्री मार्क कार्नी नेतृत्व कर रहे हैं। सर्वेक्षणों से पता चला है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों और नीतियों ने इस बार चुनाव को पूरी तरह से नया मोड़ दे दिया है। बता दें कि कनाडा के चुनाव में इस बार ट्रंप सबसे बड़ा और अहम मुद्दा हैं। जानकार मानते हैं कि इस मुद्दे पर कार्नी और लिबरल पार्टी सत्ता में वापसी कर सकती है। मार्क कार्नी अपने चुनावी अभियानों में कह रहे हैं- कौन डोनाल्ड ट्रंप का सबसे अच्छा विरोधी बन सकता है?

डोनाल्ड ट्रंप के ट्रेड वॉर और कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने जैसे बयानों ने न सिर्फ राजनैतिक हलकों में हलचल मचा दी है, बल्कि कनाडा के आम मतदाता को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है।जनवरी में जब जस्टिन ट्रूडो ने इस्तीफे की घोषणा की थी, तब लिबरल पार्टी 24 अंकों से पीछे चल रही थी। लेकिन अब सीबीसी पोल एग्रीगेटर के अनुसार, लिबरल पार्टी को 43.3 प्रतिशत और कंजरवेटिव पार्टी को 38.4 प्रतिशत मतदान मिल सकता है।

## अस्पताल पर इसराइल के नवीन हमले से, ग़ाज़ा की स्वास्थ्य व्यवस्था और भी पंगु

इसराइल ( आरएनएस)। इसराइल ने, ग़ाज़ा के दक्षिणी हिस्से में मंगलवार को फिर एक और हमला किया है जिसने, पहले से ही सीमित आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और भी तहस-नहस कर दिया है. संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्तेफ़ान दुजैरिक ने न्यूयॉर्क में एक प्रैस वार्ता में बताया कि ग़ाज़ा के स्वास्थ्य मंत्रालय और अन्य स्वास्थ्य एजेंसियों के अनुसार, ख़ान यूनिस स्थित कुवैती मैदानी अस्पताल पर हुए इसराइली हमले में, कई स्टाफ़ कर्मचारी घायल हुए हैं, जिनमें दो नर्सें भी हैं.इससे पहले रविवार को अल-अहली अरब अस्पताल पर भी इसराइली हमले हुए थे. यह अस्पताल ग़ाज़ा के उत्तरी क्षेत्र में इसराइली हमलों के पीड़ितों के इलाज के लिए एक प्रमुख केन्द्र था.यूएन प्रवक्ता स्तेफ़ान दुजैरिक ने कहा, अस्पतालों पर हुए ताज़ा हमलों ने, ग़ाज़ा की स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक पंगु बना दिया है.उन्होंने कहा, इस समय अस्पतालों में बहुत कम बिस्तर उपलब्ध हैं और मरीज़ों को शिविरों में रखा जा रहा है.उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, ग़ाज़ा के 36 में से केवल 21 अस्पताल ही आंशिक रूप से काम कर रहे हैं, और लगभग सभी अस्पताल युद्ध के दौरान क्षतिग्रस्त हुए हैं.

# खेल समाचार

## एमआई से करारी हार के बाद धोनी ने आईपीएल रिटायरमेंट को लेकर दिया हिंट

### अपने बयान से सभी को चौंकाया



मुंबई (आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 38वें मैच में मुंबई इंडियंस ने चिर-प्रतिद्वंद्वी चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर जीत की हैट्रिक लगाई. इस जीत के साथ एमआई ने 8 मैचों में 4 जीत और 4 हार के साथ प्वाइंट्स टेबल में छठे स्थान पर छलांग लगाई. वहीं, सीएसके सिर्फ 2 मैचों में जीत के साथ तालिका में सबसे नीचे है. मुंबई से हार के बाद चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कुछ चौंकाने वाली बातें कहीं, जिसने सभी को चौंका दिया.

मैच के बाद सीएसके के कप्तान एमएस धोनी ने कहा, %हमें यह समझने की जरूरत है कि हम सिर्फ इसलिए सफल हैं क्योंकि हम अच्छा क्रिकेट खेलते हैं. हमें ज्यादा भावुक नहीं होना चाहिए. हमें एक बार में एक मैच खेलना होगा और अगर हम प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाते हैं, तो हमें अगले सीजन के लिए अपनी रणनीति के बारे में सोचना होगा%. आगामी सीजन के बारे में बात करते हुए धोनी ने संकेत दिया है कि वह आईपीएल 2026 में भी खेल सकते हैं. इसका मतलब यह है कि उन्होंने अभी तक संन्यास का कोई संकेत नहीं दिया है, जो उनके फैंस के लिए खुशी की बात है.

मैच के बाद धोनी ने कहा कि हमने औसत से थोड़ा कम स्कोर बनाया. मुंबई ने डेथ ओवरों में गेंदबाजी जल्दी शुरू की. हमें शुरू में ही स्लॉग शॉट खेलना चाहिए था. उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की और हम कभी भी लड़ने लायक स्कोर नहीं बना सके. यदि आप पहले 6 ओवरों में अधिक रन बनाते हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि गेंद बल्ले पर ठीक से आ रही है. इस हार के कारण सीएसके की प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना काफी कम हो गई है.

मैच की बात करें तो, चेन्नई सुपर किंग्स ने टॉस हार पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में (176/5) का स्कोर बनाया. सीएसके के टॉप ऑर्डर ने एक बार फिर निराश किया. हालांकि, रविंद्र जडेजा (53) और शिवम दूबे (50) के शानदार अर्धशतकों की मदद से सीएसके ने 176 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया.

177 रन के लक्ष्य का पीछे करते हुए मुंबई इंडियंस ने 15.4 ओवर में धमाकेदार जीत हासिल की. स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 45 गेंद में 6 छक्के और 4 चौकों की मदद से 76 रनों की नाबाद पारी खेली. सूर्यकुमार यादव भी 30 गेंद में ताबड़तोड़ 68 रन बनाकर नाबाद लौटे.

## BCCI ने किया वार्षिक अनुबंध का ऐलान, 34 खिलाड़ियों को मिली जगह; अय्यर और किशन की वापसी

नई दिल्ली (आरएनएस) । भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2024-25 के लिए भारतीय पुरुष सीनियर टीम के खिलाड़ियों के सालाना अनुबंध का ऐलान किया है। खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर ए+, ए, बी और सी ग्रेड में बांटा गया है। रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा सबसे ऊंचे ए+ ग्रेड में हैं।श्रेयस अय्यर और ईशान किशन, जिन्हें 2023-24 में खराब प्रदर्शन और टीम में जगह न मिलने के कारण अनुबंध नहीं मिला था, उन्होंने 2024-25 की लिस्ट में वापसी की है। अय्यर ग्रेड बी में हैं और किशन ग्रेड सी में हैं। हाल ही में जिन खिलाड़ियों को कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में जोड़ा गया है, वे सभी 'सी' ग्रेड में हैं। इनमें नीतीश कुमार रेड्डी, ध्रुव जुरेल, अभिषेक शर्मा, सरफराज खान, आकाश दीप, वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा शामिल हैं।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से रिटायर हुए रविचंद्रन अश्विन की जगह अब ऋषभ पंत को 'ए' कैटेगरी के कॉन्ट्रैक्ट में शामिल किया गया है। इस कैटेगरी के बाकी पांच खिलाड़ी वही हैं जो पहले थे। पिछली बार पंत 'बी' कैटेगरी की लिस्ट में थे।कुल मिलाकर 34 खिलाड़ियों को 2024-25



सीजन के लिए सालाना कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है, जिसमें 1 अक्टूबर 2024 से 30 सितंबर 2025 तक के प्रदर्शन को ध्यान में रखा गया है।बीसीसीआई के शीर्ष ग्रेड अनुबंध में मैच फीस और इंसेंटिव के अलावा सालाना 7 करोड़ रुपये दिए जाते हैं। सबसे ऊपरी ग्रेड, यानी ग्रेड में मौजूद रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा भारतीय क्रिकेट के मजबूत स्तंभ हैं। ग्रेड ए प्लस में चार खिलाड़ी- रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा ग्रेड ए में छह खिलाड़ी शामिल हैं- मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल, हार्दिक पांड्या, मोहम्मद शमी और ऋषभ पंत। ग्रेड बी में पांच खिलाड़ी हैं। सूर्यकुमार यादव, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर।ग्रेड सी में शामिल 19 खिलाड़ी- रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान, नीतीश रेड्डी, ईशान किशन, अभिषेक शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, आकाश दीप और हर्षित राणा।

## मोहम्मद शमी के बाद अब इस भारतीय क्रिकेटर की बढ़ी मुश्किलें, पत्नी ने लगाए दहेज प्रताड़ना और अवैध संबंधों के आरोप

कानपुर (आरएनएस) । भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी के बाद एक और भारतीय क्रिकेटर अमित मिश्रा एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। उनकी पत्नी गरिमा मिश्रा ने उन पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पुलिस आयुक्त से शिकायत की है। गरिमा का आरोप है कि अमित मिश्रा और उनके परिवार वाले दहेज में अतिरिक्त रकम और



कार की मांग को लेकर उन्हें लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। साथ ही, उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अमित के अन्य महिलाओं से अवैध संबंध हैं और विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई।गरिमा मिश्रा ने बताया कि उनकी शादी 26 अप्रैल 2021 को हुई थी। शादी के बाद दहेज में होंडा सिटी कार और 10 लाख रुपये की मांग को लेकर उन्हें तंग किया गया। वे पति के साथ कानपुर के किदवई नगर स्थित आरबीआई कॉलोनी में रहने लगीं, लेकिन वहां भी ससुराल पक्ष का हस्तक्षेप बना रहा। गरिमा का कहना है कि अमित मिश्रा कई बार उनके साथ मारपीट कर चुके हैं और कई बार उन्हें भूखा भी रखा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अमित उनके सामने ही दूसरी महिलाओं से अश्लील बातें करते थे। विरोध करने पर दिसंबर 2024 में उन्हें घर से निकाल दिया गया, तब से वह अपने पिता के घर रह रही हैं। वहीं, अमित मिश्रा ने इन सभी आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने दावा किया कि गरिमा खुद उन्हें प्रताड़ित कर रही हैं और पूर्व में बैंक कार्यालय के बाहर उनके साथ मारपीट भी कर चुकी हैं। पुलिस आयुक्त ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं। बता दें कि अमित मिश्रा भारत के अनुभवी लेग स्पिन गेंदबाज हैं। उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 150 से अधिक विकेट लिए हैं।

## लॉस एंजिल्स ओलपिक की तैयारियों में लगी है भारतीय महिला हॉकी टीम



नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय महिला हॉकी टीम 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए अभी से तैयारियों में लगी है। हॉकी इंडिया ने टीम की तैयारियों के लिए नीदरलैंड के दिग्गज ड्रैग फ्लिक ताइके ताइकेमा से भी करार किया है। इसी के तहत ताइकेमा टीम की इस कमजोरी को भी कम करने में लगे हैं। ताइकेमा ने भुवनेश्वर में प्रो लीग से पहले सात दिवसीय शिविर में भी भारतीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया था। भारत ने प्रो लीग के घरेलू चरण में इंग्लैंड, जर्मनी, नीदरलैंड और स्पेन के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। ताइकेमा के मार्गदर्शन में शिविर का मुख्य उद्देश्य तकनीकी कौशल को निखारने के साथ ड्रैग फ्लिक की सटीकता में सुधार करना था। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि शिविर खिलाड़ियों के लिए बहुत फायदेमंद रहा और ताइकेमा लॉस एंजिल्स खेलों तक अल्पकालिक आधार पर टीम के साथ काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, ''ताइकेमा ड्रैग फ्लिक के मामले में सबसे महान दिग्गजों में से एक हैं। वह तकनीक को निखारने और ड्रैग फ्लिक की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए टीम के साथ काम कर रहे हैं।'' हरेंद्र ने कहा, ''ड्रैग फ्लिक करना एक विशिष्ट कौशल है और ताइकेमा भविष्य के शिविर में भी हमारे साथ काम करना जारी रखेंगे।'' हरेंद्र ने कहा कि दीपिका सहित इससे हमारी टीम की सभी खिलाड़ियों के कोशल में सुधार आया है।इस 45 साल के पूर्व खिलाड़ी को अपने खेल के दिनों में पेनल्टी-कार्नर की सटीकता के लिए जाना जाता था। ताइकेमा ने 11 वर्षों के अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में नीदरलैंड की पुरुष टीम के लिए 94 मैचों में 170 गोल किए। उन्हें दुनिया के सबसे खतरनाक पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञों में से एक माना जाता है।

## सुपर जाइंट्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी कैपिटल्स

लखनऊ (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जाइंट्स से होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी हालांकि सुपर जाइंट्स को उसके घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। दोनो ही टीमों का प्रदर्शन अब तक अच्छा रहा है। दोनो ही टीमों के 10-10 अंक हैं पर बेहतर औसत के कारण दिल्ली दूसरे और सुपर जाइंट्स पांचवे स्थान पर है। ऐसे में इस मैच में कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा। दोनो ही टीमों के कप्तान इस मैच से अपनी लय हासिल करने उतरेंगे। सुपर जाइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत का बल्ला खामोश है जो लखनऊ के लिए परेशानी का कारण है। उन्होंने अभी तक 8 मैच में केवल 106 रन बनाए हैं जिसमें 63 रन की एक पारी भी शामिल है। उनका स्ट्राइक रेट 98 है जो चिंता का विषय है। वहीं दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल भी अभी तक उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। बल्लेबाजी में उन्होंने 159 के स्ट्राइक रेट से 140 रन बनाए हैं लेकिन उनकी गेंदबाजी प्रभावहीन रही है।

# मुख्यालय सहित जिले में लाइन आर्डर सहित तमाम अव्यवस्थाओं पर लगाम नहीं लगी तो विधायक करेंगे आंदोलन

- विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने आईजी और एसपी को ज्ञापन देने के बाद पत्रकार से की चर्चा
- मुख्यालय पर मां बेटी की दिन दहाडे हुई हत्या पर डॉ. शर्मा ने कहा कि अवैध शराब ही अपराधों का मुख्य कारण



नर्मदापुरम (निप्र)। अवैध शराब का कारोबार मुख्यालय सहित जिले में जमकर हो रहा है। अवैध शराब के बढ़ते कारोबार सहित लाइन आर्डर की हालत बहुत खराब है। जुआ सट्टा, आईपीएल के सट्टा सहित अन्य अवैधानिक कार्य बढ़ते जा रहे हैं। मां बेटी की हत्या हो जाना भी अवैध शराब से जुड़ा हुआ अपराध है। प्रशासनिक व्यवस्थाएं बहुत लचर हो चुकी हैं। इसी कारण आज मुझे आईजी और एसपी को ज्ञापन देना पड़ा है। यह बात क्षेत्रीय विधायक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीतासरन शर्मा ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि देखने में आ रहा है कि लाइन आर्डर फेल हो चुका है। मैने पूर्व में भी आबकारी विभाग को अवैध शराब के बढ़ते कारोबार की ओर ध्यान आकृष्ट कराया था। चिठ्ठी लिखी थी। लेकिन कोई असर नहीं हुआ। प्रशासन में बैठे जबावदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। एक प्रश्न के जबाव में उन्होंने कहा कि यदि ज्ञापन के बाद भी हालत नहीं सुधरे तो मुझे आंदोलन करना पड़े तो वह भी करूंगा। पत्रकार वार्ता में विधायक के साथ जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, नपा उपाध्यक्ष अभव वर्मा, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, भाजपा कोषाध्यक्ष लोकेश तिवारी सहित अन्य अनेक भाजपा नेता शामिल रहे।

### मां बहन की हत्या से शहर में दहशत का महौल

गत दिवस पीली खंती क्षेत्र में दिनदहाड़े मां बेटी के दोहरे हत्याकांड के बाद से दहशत का माहौल है। यह जधन्न अपराध की जड़ अवैध शराब से जुडी हुई है। वहीं शहर में जुआं, सट्टा, आईपीएल क्रिकेट सट्टा का कारोबार चरम पर है। जिसकी जानकारी पुलिस अधिकारियों को होने के बाद भी मौन रहते हैं। क्षेत्र में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। विधायक डॉ शर्मा ने पुलिस विभाग के दोनों आला अधिकारियों से अपराधों पर लगाम लगाने की बात कही है। उन्होंने लिखित में ज्ञापन दिया है। उसके तुरंत बाद पत्रकारों से सर्किट हाउस में काननू व्यवस्था से जुड़े मुद्दे पर अपनी चिंता जाहिर करते हुए कहा कि कि अगर आवश्यकता पड़ी तो धरना देने से भी पीछे नहीं हटेंगे। उल्लेखनीय है कि पूर्व में बिजली की अव्यवस्था के चलते डॉ शर्मा ने क्षेत्र के किसानों व नागरिकों के साथ बिजली आफिस के सामने धरना दे चुके हैं।

### जिले भर में बढ़ रहे अपराध

डॉ शर्मा ने कहा कि मुख्यालय नर्मदापुरम् सहित इटारसी व ग्रामीण क्षेत्र में लगातार हो रहे अपराध अनियंत्रित अवैध शराब की बिक्री लगातार बढ़ती जा रही है। बीते दो माह में क्षेत्र में अनेक हत्याएँ हो चुकी हैं। हत्याओं का कारण अवैध शराब की बिक्री से जुड़ा हुआ है। इसमें संलिप्त लोगों के नाम, स्थान सहित जानकारी से पुलिस प्रशासन को त्रैमासिक बैठक में एवं अनेक अवसरों पर अवगत कराए जाने के बाद भी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कोई नियंत्रण नहीं किया गया। ग्राम बंडुआ में जिस बोलेरो से अपराधी नर्मदापुरम् से बंडुआ गये थे उसकी भी शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है। इस विषय की जानकारी से भी पुलिस को अवगत कराया जा चुका था। बंडुआ एवं पीलीखंती में जो हत्याएं हुई हैं उनके आरोप अवैध शराब बेचने वालों पर हैं। डॉ शर्मा ने कहा कि यह सब जानकारी पुलिस प्रशासन में बैठे लोगों को है किंतु कार्रवाई नहीं हो रही है। यह चिंता का विषय है।

# द चैम्प्स फन स्कूल में इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड के विजेताओं को पुरस्कार बांटे



नर्मदापुरम ( निप्र)। द चैम्प्स फन स्कूल में साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय मैथ्स ओलिंपियाड परीक्षा में विजेताओ को पुरस्कृत करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन प्रतियोगिताएं आयोजित करने वाला अंतरराष्ट्रीय संगठन है जो साइंसए जीण्केण्ए मैथ्स अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अन्य देशों के स्कूल विद्यार्थियों के लिए परीक्षाओं का आयोजन करता है इस वर्ष द चैम्प्स फन स्कूल के छात्र.छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 गोल्ड व 31 को सहभागिता प्रमाण पत्र प्राप्त किए। प्रतिभाओ के सम्मान में प्राचार्य डॉ आशीष चटर्जीए डायरेक्टर श्रीमती जूही चटर्जीए उप प्राचार्य अंकित चौधरीए शाला कोऑर्डिनेटर श्रीमती रीना मालवीय व एडमिन ऑफिसर विनीता जसलानी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ आशीष चटर्जी ने सभी विजेताओ को विद्यालय का स्कोर अंतरराष्ट्रीय स्तर से उच्च रहने पर बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आगामी परीक्षाओं मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। सभी शिक्षक शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी।

# नरवाई प्रबंधन हेतु सुपर सीडर/हैप्पी सीडर यंत्रों हेतु लक्ष्य जारी

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य प्रदेश शासन के कृषि अभियांत्रिकी, किसान कल्याण और कृषि विकास विभाग ने नरबाई प्रबंधन के लिए सुपर सीडर और हैप्पी सीडर यंत्रों पर अनुदान के लिए लक्ष्य जारी किए हैं। सहायक कृषि यंत्री पवारखेडा नर्मदापुरम ने बताया कि कृषक आवेदन करने के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे कृषक के स्वयं के बैंक खाते से 4500 रुपये का डिमांड ड्राफ्ट सहायक कृषि यंत्री नर्मदापुरम के नाम पर, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खसरा किस्तबंदी एवं एक फोटो के साथ ऑनलाइन आवेदन ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल DBT. MPDAGE.ORG पर कर सकते है।

# एसडीएम सोहागपुर श्री अनिल जैन ने भोखेड़ी खुर्द स्थित उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया



नर्मदापुरम (निप्र)। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सोहागपुर श्री अनिल जैन ने आज भौखेड़ी खुर्द स्थित सावी वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर मौजूद उपज की स्थिति, भंडारण व्यवस्था एवं प्रबंधन गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान श्री जैन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वेयरहाउस पर अनावश्यक रूप से माल खुला और बिखरा हुआ न पड़ा रहे। उन्होंने खरीदी गई उपज की शीघ्र बैगिंग सुनिश्चित कराने के साथ ही समिति को निर्देश दिए कि वे केंद्र पर तुलाई, भंडारण एवं परिवहन कार्यों के लिए आवश्यक मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करें ताकि कार्यों में कोई बाधा उत्पन्न न हो।

# नगर के सभी 33 वार्डों में चल रहा अभियान

### मच्छरों के प्रकोप से निपटने प्रतिदिन किया जा रहा धुंआ

नर्मदापुरम (निप्र)। नगरपालिका द्वारा नगर के सभी 33 वार्डों में मच्छरों के प्रकोप से नागरिकों को बचाने के लिए प्रतिदिन फागिंग मशीन से धुंआ किया जा रहा है। साथ ही मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने नाले नालियों में केमिकल का छिड़काव किया जा रहा है। स्वच्छता शाखा के विशाल शर्मा ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर समूचे नगर में फागिंग मशीन से धुंआ किया जा रहा है। नाले नालियों में केमिकल डालकर मच्छरों के लार्वा को नष्ट किया जा रहा है। जिससे कि मच्छरों की तादाद पर प्रतिबंध लग सके। इस कार्य का नेतृत्व स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी और उपनिरीक्षक संजय लुटारे कर रहे हैं।

# आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर व्यवस्थित ढंग से की जाए गेहूं खरीदी : कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना

*>>> कलेक्टर सोनिया मीना ने माखन नगर एवं नर्मदापुरम में किया खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण*

*>>> उपार्जन के लिए आवश्यक संसाधनों की कमी पाए जाने पर उपार्जन केंद्र प्रभारी को नोटिस जारी करने के लिए निर्देश*



नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में समर्थन मूल्य पर उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से जारी है। नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने सोमवार को जिले के माखन नगर एवं नर्मदापुरम स्थित उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने समिति प्रबंधक, स्व सहायता समूह, तथा उपार्जन संबंधित अधिकारियों से अब तक हुई स्लॉट बुकिंग के विरुद्ध की गई खरीदी, परिवहन, हैंडलिंग की जानकारी ली। उन्होंने वेयरहाउस का बारीकी से अवलोकन कर खरीदी गई उपज की स्टेकिंग भी देखी। उन्होंने खरीदी केंद्रों पर लगी ट्रैक्टर ट्रालियों की कतार के संबंध में भी अधिकारियों एवं समिति प्रबंधक से जानकारी ली।इस दौरान उन्होंने राधे वेयरहाउस, आरती वेयरहाउस, नर्मदा कृपा वेयरहाउस, बाबा लॉजिस्टिक्स तथा कृषि उपज मंडी माखन नगर, शिव शक्ति एग्रो वेयरहाउस एवं किसान वेयरहाउस नर्मदापुरम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के लिए सभी मूलभूत सुविधा के अतिरिक्त छन्ना, पंखा, एफएक्यू, नॉन एफएक्यू फसल की भी जांच की।

कलेक्टर सुश्री मीना ने सबसे पहले माखननगर तहसील के राधे वेयरहाउस में बने हुए उपार्जन केंद्र के निरीक्षण किया। इस दौरान पंखा, छन्ना की अनुपलब्धता एवं अव्यवस्थित ढंग से उपज का भंडारण करने पर उपार्जन केंद्र प्रभारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने इस दौरान शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार उपार्जित स्कंद की मौके पर जांच भी की। उन्होंने गूजरवाड़ा स्थित आरती वेयरहाउस पहुंचकर गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने उपार्जन केंद्र प्रभारी को निर्देश दिए की रेडी टू ट्रांसपोर्ट स्कंद तथा उनके परिवहन में किसी भी प्रकार का विलंब न करें जिससे किसानो को उपज के भुगतान में अनावश्यक देरी न हो।

# नगर में बढ़ती गंदगी और मच्छरों की तादात पर युवाओं ने नाराजगी व्यक्त करते हुए ज्ञापन सौंपा

नर्मदापुरम (निप्र)। नगर में बड़ती गंदगी तथा मच्छरों की तादात पर युवा वर्ग ने पूर्व में चेतावनी दी थी। सोमवार को अनेक युवाओं के द्वारा नगर में स्वच्छता की मांग करते हुए मच्छरों की रोकथाम के लिए ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने वालों में स्वदेश सैनी, समीर जायसवाल राहुल मिश्रा, प्रशांत मालवीय, अतुल जोशी, गोलू राजपूत, रहमान खान, वीरू पटवा, अंकित सैनी, राज खिल्लारे, विशाल चावरिया, तरुण चुटिले, शुभम मालवीय संजू सफा नवीन जोशी गोविन्द सराठे पियूष राहुल राव ललित मीना विष्णु ठाकुर सत्यम चौहान अमित मीना संदीप वानखेड़े दीपक मंन्द्रे मुकेश मंन्द्रे ऋतिक मालवीय आदि मौजूद रहे।

# खेलो बढ़ो अभियान के तहत ओलंपियन खिलाड़ी विवेक सागर ने खिलाडियों को दी जानकारी

नर्मदापुरम (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं खेल मंत्री विश्वास सारंग की मनसानुसार खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी उमा पटेल एवं ब्लाक समन्वयक महेंद्र पचलानिया के मार्गदर्शन में ष्खेलो बड़ो अभियान के अंतर्गत हॉकी टर्फ मैदान नर्मदापुरम में ऑर्डनेंस फैक्ट्री विकास खंड केसला के हांकी खिलाड़ीयों ने हांकी टर्फ मैदान का भ्रमण किया इस अवसर पर ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी विवेक प्रसाद सागर ने अपने अनुभव खिलाड़ियों को बताया कोच जयसिंह भदोरिया पवन कुमार विकास कोरी द्वारा फिजिकल, स्ट्रैंथ, पावर की जानकारी देकर फिजिकल मैदान पर कराया, इस अवसर पर ऋषिपाल राजपूत, मैदान पर उपस्थित रहे।

# सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने एसडीएम एवं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कंदेरी नदी में किया श्रमदान

नर्मदापुरम (निप्र)। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सिवनी मालवा तहसील की कंदेरी नदी में आज सामूहिक श्रमदान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नदी की सफाई एवं संवर्धन में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में सिवनी मालवा विधायक प्रेम शंकर वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती सरोज परिहार, नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन, श्रीमती प्रीति पवन शुक्ला सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर मानव श्रृंखला का निर्माण किया और नदी में फैली अवांछित खरपतवार, जलकुंभी एवं गंदगी को हटाया। इस पहल का उद्देश्य नदियों की स्वच्छता बनाए रखना, जल स्रोतों का संरक्षण करना और जल संकट की समस्या से निपटना है। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से अपील की कि वे जल संरक्षण के इस महाअभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और अपने आसपास के जल स्रोतों को स्वच्छ एवं संरक्षित रखें।

# ग्राम सनखेड़ा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत तालाब गहरीकरण हेतु सामूहिक श्रमदान

नर्मदापुरम (निप्र)। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज ग्राम सनखेड़ा में सामूहिक श्रमदान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य



जल संरक्षण को बढ़ावा देना एवं तालाब के माध्यम से भूमिगत जल का पुनर्भरण सुनिश्चित करना है। इस महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम में सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह राजपूत, इटारसी एसडीएम टी. प्रतिक राव, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और तालाब के गहरीकरण कार्य में श्रमदान कर योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण को लेकर गंभीर चर्चा की गई तथा तालाब के माध्यम से भू-जल स्तर को सुधारने की भविष्य की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श हुआ। अधिकारियों ने ग्रामवासियों से आह्वान किया कि वे इस अभियान में लगातार सहभागिता कर जल स्रोतों के संरक्षण में सहयोग करें।

# ग्राम गनेरा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत तालाब पर किया गया श्रमदान

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम गनेरा में नव-निर्मित तालाब पर श्रमदान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम वासियों एवं सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं ने तालाब का गहरीकरण कर जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम के दौरान विकासखंड समन्वयक नरेंद्र देशमुख ने उपस्थित जनसमूह को 30 मार्च से 30 जून तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी दी और सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि यह महा अभियान प्रदेश भर में जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संचालित किया जा रहा है, जिसमें जनभागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।इस मौके पर सरपंच संघ अध्यक्ष कृष्णकुमार झा ने जल संरक्षण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल बचाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

# कोई भी राजस्व प्रकरण रीडर की आईडी पर पेंडिंग ना रहे : कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी

**नरवाई जलाने वालों पर प्रभावशील कार्रवाई सुनिश्चित की जाए**

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने संभाग के हरदा बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले के कलेक्टर को निर्देश दिए की अपने तहसील स्थित एसडीएम एवं तहसीलदार कोर्ट का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें।

कमिश्नर ने कहा कि कई राजस्व प्रकरण तहसीलदार के रीडर की आईडी पर पेंडिंग रहते हैं, यह स्थिति चिंता जनक है। कमिश्नर ने निर्देश दिए की किसी भी रीडर की आईडी पर राजस्व प्रकरण पेंडिंग ना रहे, अगर ऐसी स्थिति निर्मित होती है तो रीडर और तहसीलदार के विरुद्ध नियम अनुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर ने कहा कि स्वामित्व योजना के पट्टे में महिला एवं पुरुष दोनों का नाम पट्टे पर अंकित किया जाए। साथ ही जो पटवारी स्व प्रेरणा से राजस्व रिकॉर्ड में कुछ करेक्शन करना चाहते हैं तो सभी एसडीएम ऐसे प्रकरणों का आरसीएमएस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से प्रविष्टी कराए।

कमिश्नर ने राजस्व संग्रहण की स्थिति की भी समीक्षा की। कमिश्नर श्री तिवारी ने लोक सेवा गारंटी, सीपीग्राम पोर्टल एवं जनसुनवाई तथा सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। कमिश्नर श्री तिवारी ने सभी कलेक्टर को निर्देश दिए की नरवाई जलाने वाले व्यक्तियों के विरुध प्रभावी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

# इटारसी में पक्के मकानों.दुकानों में अनिवार्य होगा वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, नहीं लगाया तो 10 हजार का जुर्माना

*. पायलट प्रोजेक्ट के तहत वार्ड 17 व 33 में नागरिकों को वाटर हार्वेस्टिंग के लिए आधी राशि विधायक निधि से मिलेगी*

*. 500 वर्गफीट से अधिक भूखंड पर बने मकानों के लिए अनिवार्य हुआ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम*

इटारसी। (निप्र)। बरसात की एक एक बूंद पानी को सहेजने के लिए विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने नगरपालिका व प्रशासन को सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे को निर्देशित किया है वे शहर में वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य करें। इसके बाद नपाध्यक्ष श्री चौरे ने इसे अनिवार्य करना तय कर दिया है। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि बीते दिनों विश्राम गृह में विधायक डॉ शर्मा ने एसडीएम, नपा जलकार्य सभापति श्रीमती गीता देवेंद्र पटेल नपा अधिकारियोंए सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की थी। जिसमें तय किया गया कि जल संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रत्येक 500 वर्गफीट से अधिक भूमि पर बने पक्के मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य होगा। वहीं पायलट प्रोजेक्ट के तहत वार्ड 17 और 33 में प्रत्येक घर में हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य होगा। यहां पर सिस्टम लगाने के लिए विधायक निधि से आधा पैसा दिया जाएगा और आधा पैसा मकान मालिक को खर्च करना होगा। बाकी शहर में नागरिकों को अपने व्यय पर ही सिस्टम लगाना होगा। यदि वे नहीं लगाते हैं तो 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके बाद नपा यह सिस्टम उनके घर पर लगाएगी, जिसकी राशि संपत्ति कर में जोडकर वसूली जाएगी। नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि होटलए बारात घरए प्राइवेट स्कूलए सरकारी स्कूल और दुकनोंए मॉल में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य बनाने होगा।

### पार्कों में बनेंगे सोख पिट.

नपाध्यक्ष श्री चौरे ने बताया कि बैठक में तय हुआ है कि पार्कों में सोख पिट बनाए जाएंगेए जिसमें बरसात का पानी भेजा जाएगा। इसके अलावा नए बन रहे नालों में गडढे छोडे जाएंगेए जिसमें ग्रेवल भरी जाएगीए जिससे पानी छनकर जमीन में जा सके।

### वाटर हार्वेस्टिंग के कई फायदे हैं

जल संचयनरू वाटर हार्वेस्टिंग से वर्षा जल को इकट्ठा करके भविष्य में उपयोग के लिए संग्रहीत किया जा सकता है।, भूजल स्तर में वृद्धिरू वाटर हार्वेस्टिंग से भूजल स्तर में वृद्धि होती हैए जिससे पेयजल की उपलब्धता बढ़ती है।, जल संकट में कमीरू वाटर हार्वेस्टिंग जल संकट को कम करने में मदद करती हैए खासकर सूखे या कम वर्षा वाले क्षेत्रों में।, बाढ़ नियंत्रण वाटर हार्वेस्टिंग से वर्षा जल को नियंत्रित किया जा सकता हैए जिससे बाढ़ के खतरे को कम किया जा सकता है।, पर्यावरण संरक्षण वाटर हार्वेस्टिंग से जल संसाधनों का संरक्षण होता हैए जिससे पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।, आर्थिक लाभ वाटर हार्वेस्टिंग से जल बिल में कमी आती हैए और यह एक लागत.प्रभावी समाधान है। , कृषि में लाभ वाटर हार्वेस्टिंग से कृषि में जल की उपलब्धता बढ़ती हैए जिससे फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होती है।, वाटर हार्वेस्टिंग एक महत्वपूर्ण तकनीक है जो जल संसाधनों के संरक्षण और प्रबंधन में मदद करती है।

### इनका कहना है

भूमिगत जल तेजी से नीचे जा रहा है। आने वाली पीढ़ी को जल उपलब्धता करना हमारा कर्तव्य है। इसके लिए हमनें तय किया है कि इटारसी में रैन वाटर हार्वेस्टिंग की अनिवार्य होगी। नगरपालिका अध्यक्ष और अधिकारियों को इसके लिए जरुरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

**डॉ सीतासरन शर्मा विधायक व पूर्व अध्यक्ष मप्र विधानसभा**

विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने रैन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए बैठक की थी। जिसमें उन्होंने हमें निर्देशित है कि वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य करें। जिसके बाद हम इसे अनिवार्य कर रहे हैं।

**पंकज चौरे अध्यक्ष नगरपालिका परिषद इटारसी**

*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*